डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com


website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


सिनेमाः-सोनाक्षी सिन्हा से शक्ल मिलने पर पहली बार तोड़ी चुप्पी, कही ये बात

वर्ष -08 अंक -264 | प्रयागराज, बुधवार, 11 जनवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### 30 साल बाद टेक्सास के पूर्व पुलिस अधिकारी को हुई फांसी

**ह्यूस्टन।** अपनी पत्नी को मारने की साजिश रचने वाले पति और पूर्व उपनगरीय ह्यूस्टन पुलिस अधिकारी को 30 साल बाद फांसी की सजा हुई। 65 वर्षीय रॉबर्ट फ्रैटा ने नवंबर 1994 में अपनी पत्नी फराह की हत्या करने के लिए दो शूटर को काम पर रखा था। अपने ही घर के गैरेज में 33



साल की फराह फ्रैटा के सिर में दो बार गोली मारी गई थी। सवाल है कि आखिर एक सुरक्षा अधिकारी और पति ने अपनी पत्नी को मारने की साजिश क्यों रची थी अपनी पत्नी को मरा हुआ देखना चाहता था रॉबर्ट फ्रैट रॉबर्ट फ्रैटा अपनी पत्नी को मरा हुआ देखना चाहता था और इसलिए उसने एक बिचौलिए जोसेफ प्रिस्टाश के जरिए शूटर हावर्ड गाइड्री को काम पर रखा। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, कत्लेआम के लिए प्रिस्टाश और गाइड्री को भी मौत की सजा सुनाई गई। फ्रैटा को अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में पहली बार 1996 में मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उनकी सजा को एक संघीय न्यायाधीश ने पलट दिया था। जज ने फ्रैटा को अपनी पत्नी को मारने की इच्छा के साथ अहंकारी भी बताया था। इसके बाद फिर सुनवाई हुई और वर्ष 2009 में उसे मौत की सजा सुनाई गई।तीन बच्चों के पिता फ्रैटा इस साल टेक्सास में मौत की सजा पाने वाला पहला कैदी था और अमेरिका में दूसरा कैदी।

## उत्तर भारत में ठंड का सितम जारी, देर से चल रही हैं उत्तर रेलवे क्षेत्र की 26 ट्रेन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लगातार सर्दी का सितम जारी है। पूरा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में है। घने कोहरे के कारण लोगों को यातायात में काफी परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है। कम विजिबिलिटी के कारण रेल और हवाई यातायात की सेवाएं भी प्रभावित हुई है। भारतीय रेलवे विभाग की कई ट्रेने अपने गंतव्य स्थानों पर देरी से जा रही है। कोहरे के कारण उत्तर रेलवे क्षेत्र में 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। यात्रा में भारी कोहरे की वजह से ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला जारी है। भारत मौसम विज्ञान (घ्श्उ) के अनुसार उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में चल रही शीतलहर के बीच दिल्ली के सफदरजंग में आज सुबह 6.10 बजे न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तो वहीं पालम क्षेत्र में विजिबिलिटी 100 मीटर दर्ज की गई है। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, गोरखपुर-बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस, प्रतापगढ़-दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस और डॉ अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 घंटे तक की देरी से चल रही थी। जबकि बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम-नई दिल्ली आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस और जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी से चल रही है। उत्तर रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस और हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 4 घंटे की देरी से चलीं। पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, आजमगढ़-दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस, कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल और जयनगर-अमृतसर क्लोन स्पेशल भी 6 घंटे की देरी से चल रही है। दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, रीवा-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस, प्रयागराज-नई दिल्ली एक्सप्रेस, राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, गाजीपुर सिटी-आनंद विहार टर्मिनल सुहैलदेव एक्सप्रेस, राजगीर-नई दिल्ली शर्मजीवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन दक्षिण एक्सप्रेस, एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-नई दिल्ली ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस और अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 1.15, 7, 2.45, 2.30, 10, 6.30, 1.45, 2.30, 3.30 तक लेट हैं , क्रमशः 8.30 घंटे की देरी से चल रही हैं।

## एलएसी पर सेना की बढ़ेगी ताकत, 4276 करोड़ की सैन्य खरीद को रक्षा खरीद परिषद ने दी मंजूरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चीन की चुनौती का मजबूती से सामना करने और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के और करीब पहुंचने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने मंगलवार को 4276 करोड़ रुपये के तीन अहम खरीद सौदों को मंजूरी प्रदान कर दी। इन सौदों में एंटी टैंक मिसाइल और दुश्मन देश के लड़ाकू विमान को धराशायी कर देने वाले एयर डिफेंस सिस्टम के साथ ही युद्धपोतों के लिए ब्रह्मोस लांचर की खरीद शामिल है। इन मिसाइल और एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद से देश के सशस्त्र बलों की चीन से लगती सीमा पर युद्धक क्षमता और अधिक बढ़ जाएगी। इन खरीद प्रस्तावों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली परिषद ने मंगलवार को मंजूरी प्रदान की। इनमें से दो प्रस्ताव सेना के लिए हैं और तीसरा प्रस्ताव नौ सेना की क्षमता बढ़ाने वाला है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार डीएसी ने हेलिना एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों, लांचर और इससे संबंधित सहयोगी उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी प्रदान की है। इन्हें एडवांस्ड लाइट हेलीकाप्टर (एएलएच) से जोड़ा जाएगा। देश के लिए रक्षा चुनौती उत्पन्न करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए एएलएच को हथियारबंद बनाने की प्रक्रिया चल रही है और इसी के तहत उन्हें इन मिसाइलों से लैस किया जा रहा है। ये मिसाइल अब एएलएच का अनिवार्य अंग होगी। मंत्रालय ने कहा है कि एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों से लैस एएलएच के जुड़ने से सेना की क्षमता को और अधिक मजबूती मिलेगी।



## दिल्ली-यूपी समेत कई राज्या में ठंड से लोगों को राहत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत में लोगों पर कहर बरपा रही ठंड से थोड़ी राहत मिली है। बीते कुछ दिनों से शीतलहर से लोग परेशान थे। हालांकि, अब लोगों को इससे राहत मिली है। कुछ राज्यों में घना कोहरा भी छंट गया है। इससे



पहले, कई इलाकों में मंगलवार को धूप भी खिली। तीन-चार दिन तक मिलेगी ठंड से राहत मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी तीन-चार दिन तक लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है, जबकि अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। इसके बाद 14 जनवरी से ठंड दोबारा परेशान करेगी और तापमान में भी गिरावट आएगी।जम्मू-कश्मीर में ज्यादातर स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे चला गया, लेकिन श्रीनगर और कुपवाड़ा में कुछ बेहतर स्थिति रही। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। काजीगुंड का न्यूनतम तापमान माइनस .8 रहा। दक्षिणी कश्मीर के कोकेरनाग का न्यूनतम तापमान माइनस 3.6 रहा। राजधानी दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 18.7 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान सामान्य 6.4 दर्ज किया गया। राजस्थान के चुरू में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पंजाब के बठिंडा में तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस रहा। हरियाणा के भिवानी में न्यूनतम तापमान 3.8 दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 7.8 रहा दिल्ली में भी ठंड और कोहरे से राहत मिली है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली के सफदरजंग में आज सुबह 6:10 बजे न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले कुछ दिनों में बूंदाबांदी का अनुमान जताया गया है। उधर, कोहरे के चलते कई फ्लाइट्स लेट हैं। दिल्ली--शिमला, दिल्ली-काठमांडू, दिल्ली-चेन्नई, दिल्ली-जैसलमेर, दिल्ली-बरेली, दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-वाराणसी, दिल्ली-श्रीनगर, दिल्ली-जयपुर, दिल्ली-गुवाहाटी की फ्लाइट लेट हुई हैं।

## मुस्लिमों को भारत में डरने की जरूरत नहीं : आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत में मुसलमानों को डरने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें ''श्रेष्ठता की मानसिकता'' छोड़नी होगी। एक बार हमने शासन किया, फिर से शासन करेंगे, इस भावना से उन्हें बाहर आना होगा। समाज में जागृति के कारण है, क्योंकि इस समाज को 1,000 वर्षों से अधिक समय से युद्ध करना पड़ा है। इस समाज को विदेशी आक्रांताओं, विदेशी प्रभाव और विदेशी षड्यंत्रों के खिलाफ लड़ना पड़ा है। संघ इस उद्देश्य में उनका समर्थन करता है। कई लोग ऐसे हैं, जिन्होंने इसके बारे में बात की



आर्गनाइजर और पांचजन्य को दिए साक्षात्कार में भागवत ने एलजीबीटी समुदाय का भी समर्थन किया। कहा कि उनके लिए भी समाज में स्थान होना चाहिए और संघ को इस विचार को बढ़ावा देना होगा। ऐसी प्रवृत्ति वाले लोग हमेशा से रहे हैं। जब से मनुष्य का अस्तित्व है, तब से। यह जैविक है। जीवन का एक पहलू है। हम चाहते हैं कि उन्हें भी निजी स्पेस मिले और वे महसूस करें कि हम भी समाज का एक हिस्सा हैं। यह बहुत साधारण मुद्दा है। हमें इस विचार को बढ़ावा देना होगा, क्योंकि इसे सुलझाने का कोई दूसरा तरीका निरर्थक साबित होगा। भागवत ने कहा कि दुनियाभर में हिंदुओं में आई नई आक्रामकता है। और इन सबके कारण ही हिंदू समाज जागृत हुआ है। भागवत ने कहा, हिंदुत्व हमारी पहचान है, हमारी राष्ट्रीयता है, हमारी सभ्यता की विशेषता है- एक ऐसा गुण जो सबको अपना मानता है। जो सबको साथ लेकर चलता है। हम कभी नहीं कहते, मेरा ही सच्चा और तुम्हारा झूठा। तुम अपनी जगह सही। मैं अपनी जगह सही। क्यों लड़ें, साथ चलें-यह हिंदुत्व है। संघ प्रमुख ने कहा, सीधी सी बात तो यह है कि हिंदुस्थान को हिंदुस्थान रहना चाहिए। इससे आज भारत में जो मुस्लिम हैं, उन्हें कोई नुकसान नहीं है। मुस्लिमों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन, उसी समय उन्हें श्रेष्ठता की भावना छोड़नी होगी।

## अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग मामले में दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच अधिकारों



की कानूनी लड़ाई पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ में सुनवाई शुरू हुई। दिल्ली सरकार ने अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली की चुनी हुई सरकार के दायरे से बाहर करने की केंद्र सरकार की अधिसूचना का विरोध करते हुए कहा कि नौकरशाहों को मंत्रियों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। दिल्ली सरकार ने कहा कि मंत्री विधान मंडल के प्रति जवाबदेह होते हैं और विधान मंडल जनता के प्रति जवाबदेह होता है। ये तीन स्तरीय प्रणाली से ही व्यवस्था चलती है। सिविल सेवाओं पर नियंत्रण के बगैर कोई सरकार कैसे काम कर सकती है। केंद्र की अधिसूचना के मुताबिक सिविल सर्वेंट दिल्ली की चुनी हुई सरकार के नियंत्रण से बाहर हैं। ऐसा कैसे हो सकता है। ऐसा करने से सरकार जो नीतियां बनाएगी उसे लागू करने वाली सिविल सर्विस ही होती है और वो जनता के प्रति जवाबदेह नहीं होगी। दिल्ली ने दलील दी कि अगर सरकार के पास अधिकारियों की नियुक्ति और ट्रांसफर की शक्ति नहीं होगी तो सरकार काम नहीं कर सकती। सरकार का काम प्रभावित हो रहा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने भी कुछ सवाल किये। पीठ ने कहा कि दिल्ली के मामले में संसद राज्य सूची और समवर्ती सूची दोनों पर कानून बना सकती है। अगर ऐसा है तो दिल्ली सरकार के पास क्या शक्ति है। दिल्ली की ओर से इसका जवाब देते हुए संवैधानिक और कानूनी प्रविधानों का हवाला दिया गया और इस बारे में केंद्र की सीमाएं बताई गईं। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने सुनवाई शुरू की। मामले पर बहस दिल्ली सरकार की ओर से शुरू हुई। दिल्ली की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। सिंघवी ने कहा कि सरकार के कामकाज और लोकतंत्र में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए चुनी हुई सरकार के पास अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण का अधिकार होना जरूरी है।

## एक साथ दो डिग्री कोर्स को लेकर यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को किया सचेत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक साथ दो डिग्री कोर्स के मुद्दे पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश भर के विश्वविद्यालयों को एक बार फिर से सचेत किया है। साथ ही कहा है कि वह अपने यहां इसके अनुकूल फिर स्कूल छोड़ने के सर्टिफिकेट मांगे जा रहे है। इन सर्टिफिकेट के अभाव में उन्हें दाखिला भी नहीं दिया जा रहा है। यूजीसी ने ऐसी शिकायतों के मिलने के बाद सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वह अपने यहां जल्द से जल्द




व्यवस्था बनाए, ताकि छात्रों को इसे लेकर किसी तरह की कोई परेशान न हो। यूजीसी ने पिछले साल अप्रैल में ही एक साथ दो डिग्री कोर्स को मंजूरी देने के साथ इसे लेकर विस्तृत गाइडलाइन जारी की थी। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को लेकर यह निर्देश ऐसे समय दिया है, जब उसके पास छात्रों की ओर से लगातार ऐसी शिकायत मिल रही है, कि विश्वविद्यालय अभी इसके लिए तैयार नहीं है। उनकी ओर से एक साथ दो डिग्री कोर्स में दाखिले के दौरान माइग्रेशन सर्टिफिकेट या इसकी पूरी व्यवस्था तैयार करें। ताकि छात्रों को किसी तरह की परेशानी न हो। गौरतलब है कि एक साथ दो डिग्री कोर्स को लेकर यूजीसी ने पिछले साल अप्रैल में ही मंजूरी दी थी। इसके तहत कोई भी छात्र एक साथ दो डिग्री कोर्स कर सकता है। हालांकि इनमें एक कोर्स आफलाइन मोड में और एक आनलाइन मोड में होना चाहिए। इसके साथ ही दोनों कोर्स आफलाइन मोड में भी हो सकते है, हालांकि दोनों की टाइमग अलग-अलग होनी चाहिए।

## कोयला आयात के नियम फिर बदले, बिजली संयंत्रों को दिए गए ये खास निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर कोयला आयात से जुड़े नियमों को बदल दिया है। केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने सभी बिजली संयंत्रों को कहा है कि सितंबर, 2023 की मांग को ध्यान में रखते हुए उनकी तरफ से कुल खपत का 6 फीसद तक कोयला बाहर से आयात करने की व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसा देश में बिजली की खपत बढ़ने की संभावना को देखते हुए किया गया है। बिजली मंत्रालय ने संयंत्रों को यह भी कहा है कि अगर उन्होंने पर्याप्त कोयला आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की तो उनके घरेलू खदानों से दिए जाने वाले कोयले में कटौती की जाएगी। यह पिछले एक वर्ष के भीतर तीसरा मौका है, जब कोयला आयात के नियमों को बदला गया है। बिजली मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि घरेलू कोयला आपूर्ति बढ़ा कर और आपूर्ति व्यवस्था को स्मार्ट बना कर चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में बिजली किल्लत को टाल दिया गया है, लेकिन जिस तरह से मांग बढ़ रही है, उसे देखते हुए आने वाले महीनों के लिए तैयार रहना चाहिए। अभी यह अनुमान है कि अप्रैल से सितंबर, 2023 में देश में कोयले की आपूर्ति मांग से 2.4 करोड़ टन कम रह सकती है।



## बिहार सहित आठ राज्यों ने पीएम-श्री स्कूलों को लेकर अब तक नहीं दिखाई दिलचस्पी, कई राज्य बढ़ चढ़कर ले रहे हिस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के प्रत्येक ब्लाक से पीएम-श्री (पीएम-स्कूल फार राइजिंग इंडिया) स्कूलों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, बावजूद इसके बिहार, दिल्ली, झारखंड व हिमाचल प्रदेश जैसे आठ राज्यों ने अब तक इसे लेकर किसी भी तरह की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। न ही इसे लेकर शिक्षा मंत्रालय के साथ करार किया है। इसी बीच शिक्षा मंत्रालय ने पहले चरण में उत्तर प्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों की ओर से पीएम- श्री के लिए मिले प्रस्तावों को अंतिम रूप देने को लेकर काम शुरू दिया है। इन राज्यों से करीब डेढ़ लाख स्कूलों ने अपनी दावेदारी की है। फिलहाल इस स्कीम के तहत प्रत्येक



ब्लाक से दो स्कूलों का ही चयन होना है। इनमें एक प्राइमरी और एक मिडिल स्कूल शामिल होगा।नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तेजी से अमल में जुटा शिक्षा मंत्रालय इसके जरिए देश भर में स्कूली शिक्षा का एक नया मॉडल भी खड़ा करने की तैयारी में है। यह पहल इसलिए भी अमल है क्योंकि इसके जरिए वह राज्यों में नीति से जुड़ी सिफारिशों को कैसे अमल में लाना है इसका भी रास्ता दिखाना चाहती है। इसके तहत मंत्रालय की ओर से चयनित होने वाले प्रत्येक स्कूलों को दो करोड़ रुपए की सीधी वित्तीय मदद भी दी जाएगी। इससे वह अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बना सकेंगे। हालांकि इस स्कीम के तहत राज्यों को पहले शिक्षा मंत्रालय के साथ नीति के अमल को लेकर करार करना है। इसके बाद ही राज्य स्कूलों के चयन की प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे। इस दौरान आठ राज्यों को छोड़कर बाकी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से मिले करीब डेढ़ स्कूलों के आवेदन को लेकर काम शुरू हो गया है। मार्च अंत तक करीब सात हजार स्कूलों को चयन हो जाएगा। जिन्हें अप्रैल तक पहली किस्त भी जारी कर दी जाएगी। मंत्रालय से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इस स्कीम के तहत प्रत्येक तीन महीने में स्कूलों के चयन के लिए विंडो खुलेगी।

## कैबिनेट सचिव ने की जोशीमठ में स्थिति की समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) ने मंगलवार को उत्तराखंड के जोशीमठ में स्थिति की समीक्षा की, जहां उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने एनसीएमसी को मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त घरों के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। बता दें कि प्रभावित परिवारों को ठहराने के लिए जोशीमठ और पीपलकोटी में राहत स्थल चिह्नित किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा मुआवजे और राहत के उचित प्रबंध किए गए हैं। फिलहाल, जोशीमठ-औली रोपवे का संचालन बंद कर दिया गया है। जोशीमठ नगर पालिका क्षेत्र और उसके आसपास के निर्माण कार्यों को भी रोक दिया गया है।और परीक्षण समन्वित और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाने चाहिए।

## पेशाब कांड और बम की अफवाह से लेकर यात्रियों को छोड़ उड़ गया विमान तक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में एयरलाइन्स से जुड़ी कई घटनाएं



सामने आई हैं। इन घटनाओं से यात्रियों और एयरलाइन्स दोनों को झटका लगा है, क्योंकि एक तरफ जहां विमानों की शाख पर असर पड़ा है। वहीं, दूसरी ओर यात्री भी यात्रा से पहले विमानन कंपनी सेलेक्ट करने से पहले कई बातें सोचने लगे हैं। इन हालिया घटनाक्रम में यात्रा के दौरान सहयात्री पर पेशाब करना, विमान में बम की धमकी का अफवाह, यात्रियों को छोड़कर विमान का उड़ जाना और खाने में पत्थर मिलना इत्यादि शामिल हैं। हालांकि, इन सभी घटनाओं पर डीजीसीए ने संज्ञान लिया है और उचित कार्रवाई जारी है। सोमवार को बेंगलुरु से दिल्ली जाने वाली घरेलू एयरलाइंस गो फर्स्ट की एक फ्लाइट ने हवाईअड्डे पर 55 यात्रियों को छोड़कर ही उड़ान भर दी।

# नए साल पर दस्तक देने वाली ठंड अभी कम नहीं हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** नए साल पर दस्तक देने वाली ठंड ने रोजमर्रा के जीवन को भी प्रभावित कर दिया है। खासतौर पर बच्चे घरों में कैद हो गए हैं। अब तो आठवीं तक के विद्यार्थियों की 14 जनवरी तक छुट्टी तरह के मौसम के आसार हैं।इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। वहीं सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री रहा। इससे पहले पांच जनवरी को पारा 5.2 डिग्री तक नीचे चला गया था। न होने की वजह से प्रयागराज एयरपोर्ट आने वाली आठ उड़ानें निरस्त रहीं। इस वजह से यात्रियों को खासी दिक्कत हुई। इस सीजन में पहली बार एयरपोर्ट में इतनी संख्या में उड़ानें निरस्त हुई हैं। एयरपोर्ट में सिर्फ दिल्ली और



कर दी गई है। इसके अलावा सुबह के समय लोग जरूरी काम से ही घरों से निकले। सोमवार भोर में तापमान पांच डिग्री के करीब पहुंच गया था। हालांकि, दिन में धूप निकली लेकिन गलन बनी रही। सोमवार को दिन भर सर्द हवाएं चलीं। इससे लोग धूप में निकलने से भी बचते रहे। मंगलवार को भी देर सुबह तक घने कोहरे के आसार हैं। इसकी आहट सोमवार शाम को ही हो गई थी और रात में नौ बजे तक कोहरे की वजह से कुछ दूरी तक दिखना ही बंद हो गया था। अभी तीन-चार दिनों तक इसी हालांकि , सोमवार को दिन में धूप निकलने से कुछ राहत जरूर रही। कुछ देर के लिए अधिकतम पारा भी 19.8 डिग्री के आसपास पहुंच लेकिन बर्फीली हवाओं की वजह से गलन रही। शाम से तो गलन और बढ़ने लगी थी।अधिकतम तापमान 19.8न्यूनतम तापमान 5.2 सूर्योदय 6.50 सूर्यास्त 17.29 पूर्वानुमान - मंगलवार को छह से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान रहने की उम्मीद है। देर सुबह तक घने कोहरे एवं ओस पड़ने के आसार हैं। खराब मौसम और दृश्यता ठीक भुवनेश्वर उड़ान की ही आवाजाही विलंब से हो सकी। प्रयागराज एयरपोर्ट पर जिन विमानों की आवाजाही निरस्त रही, उसमें मुंबई, बंगलूरू, इंदौर, लखनऊ, गोरखपुर, भोपाल, देहरादून एवं रायपुर उड़ानें शामिल रहीं। इन सभी आठ शहरों के लिए सोमवार को विमानों का आवागमन नहीं हुआ। इस बीच बंगलूरू और मुंबई फ्लाइट ने उड़ान तो भरी, लेकिन दृश्यता ठीक न होने की वजह से वह प्रयागराज में उतर नहीं सकी। बाद में दोनों लखनऊ भेज दी गईं।

# इंडियन डिज़ाइनर रनवे का पहला ऑडिशन इलाहाबाद में आयोजित होने जा रहा है



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** ऑडिशन के लिए मिस दिल्ली फिजा खान होंगी और आधिकारिक मॉडल मिस अंशिका भी होंगी, जो इस पूरे शो की आयोजक तमन्ना निगम की सहायता करेंगी, जिसे सिड पठान द्वारा निर्देशित और मुस्तफा फोटोग्राफी द्वारा प्रबंधित किया गया है। फिनाले शो 25 फरवरी 2022 को लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है सिड पठान और तमन्ना निगम के साथ बातचीत के बाद हमें पता चला कि यह फैशन शो बॉलीवुड हस्तियों भाव्या सिंह, अंकिता दवे और सुहासी धामी टीवी अभिनेत्री के साथ बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठा करने वाला कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम के सभी प्रतियोगियों को बहुत सारे लाभ मिलेंगे। आयोजन लखनऊ हाउसिंग डेवलपमेंट एंड अमरत्व बायो साइंस द्वारा प्रायोजित है।

## मेला पुलिस का सराहनीय कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**में श्रद्धालुओ/स्नानार्थियो के सुरक्षित संगम



स्नान कराने हेतु माघ मेला पुलिस के जवानों द्वारा निरंतर भ्रमण करते हुए कड़ी निगरानी और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी दौरान दिनांक 09.01.2023 को प्रभारी निरीक्षक अरैल के भ्रमण के दौरान देखा गया कि एक व्यक्ति जो पूर्ण रूप से दिव्यांग है स्नान करते समय अत्यधिक ठंड लगने से बदहवास हो गया, प्रभारी अरैल के द्वारा तुरंत दिव्यांग व्यक्ति के कपड़े बदलवाकर उसे जलती आग के पास बैठाया गया और चाय पिलाया गया,व्यक्ति के होश में आने के बाद पता चलता है कि व्यक्ति बोल नहीं सकता किंतु व्यक्ति के पास मिले डायरी के माध्यम से परिजनों का नंबर निकाल कर उनके चाचा तुलसीदास को बुलाया गया तुलसीदास के आने के बाद पता चला कि तुलसीदास भी दिव्यांग है तुलसीदास द्वारा बताया गया कि दिव्यांग व्यक्ति हेमंत निवासी निनवार थाना लालगंज जिला मिर्जापुर का निवासी है स्नान के दौरान परिजनों से बिछड़ गया था। प्रभारी अरैल द्वारा दोनों व्यक्तियों को ई रिक्शा के माध्यम से उन्हें उनके गंतव्य तक भेजा गया। वहां उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा पुलिस के कार्यों की प्रशंसा की गई और आभार व्यक्त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र द्धए के द्वारा प्रभारी अरैल के कार्यों की प्रशंसा की गई और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# सोनेलाल पटेल के आंदोलन का नाम है अपना दल एस, पार्टी की मजबूती पर दिया बलडॉ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**सोनेलाल पटेल की ओर से जो आंदोलन खड़ा किया गया था, उसका नाम है- अपना दल एस। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता किसी भी वक्त लखनऊ आकर राष्ट्रीय अध्यक्ष या शीर्ष नेताओं से मिल सकता है। डॉ. सोनेलाल पटेल की ओर से जो आंदोलन खड़ा किया पटेल हर वर्ग के लोगों के अधिकार के लिए अपनी आवाज बुलंद करती हैं। उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने एक बार फिर भानुप्रताप पटेल को गंगापार का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। सम्मेलन में पूर्व



गया था, उसका नाम है- अपना दल एस। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता किसी भी वक्त लखनऊ आकर राष्ट्रीय अध्यक्ष या शीर्ष नेताओं से मिल सकता है। यह बातें सोमवार को अलोपीबाग स्थित सरदार पटेल संस्थान में आयोजित जिला सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कही। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में तेजी लाए जाने के लिए जागरूक किया और कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने अधिक संख्या में सदस्यों को जोड़ा है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। पार्टी में हर कार्यकर्ता का अपना महत्व और सम्मान है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अनुप्रिया विधानसभा अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार समिति एवं उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जवाहरलाल पटेल, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रामलखन पटेल, बारा विधायक डॉ. वाचस्पति, विधायक विश्वनाथ गंज, जीतलाल पटेल,नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल, सम्मेलन के संयोजक यमुनापार जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल, राजेंद्र सिंह पटेल, ज्योति यादव, डॉ. जमुना प्रसाद सरोज, जिला मीडिया प्रभारी धर्मराज पटेल के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 134 वां श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह विशाल दर्शन शोभायात्रा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**प्रयागराज मंगलवार जॉनसन गंज चौराहे से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जॉनसन गंज चमेली बाई धरमशाला कोठा परचा बहादुरगढ़ लोकनाथ होते हुए जॉनसन गंज में संपन्न हुई इसके पूर्व प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने गणेश जी की मूर्ति की आरती की और अपने लिए आशीष मांगा दर्शन यात्रा में कई दर्जन रोड लाइट डीजे पंजाबी भांगड़ा ढोल ताशे और डमरु को बजाते हुए चल रहे थे भक्त बप्पा मोरिया रे मोरिया रे के गाने पर भक्ति में लीन थे दर्शन यात्रा में सभी पार्टी के नेता समाजसेवी शामिल हुए गणेश केसरवानी गौरी शंकर दिगंबर त्रिपाठी बसंत लाल आजाद मोहम्मद आमिर शामिल हुए एसीपी सत्येंद्र कुमार तिवारी जी अपनी पूरी पुलिस की टीम के साथ सुबह से ही मुस्तैद थे दर्शन यात्रा संपन्न कराया शगुन



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों के 37 बिंदुओं के प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं-जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कराये गये कार्यों का टीम गठित सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को स्मृति वाटिका में मियावाकी कराके ही और वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सोलर पम्पों के आवंटन एवं उसके सर्विश स्टेशन के संचालन के बारे में जानकारी लेते हुए और सर्विश



कर सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को पेंशनरों का सत्यापन कराते हुए पेंशन का भुगतान किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बनाये गये शौचालयों के निर्माण की गुणवत्ता का सत्यापन कराने तथा पात्र लाभार्थियों को शौचालय दिए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड को रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था स्टेशन बढ़ाये जाने के लिए उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने छुट्टा घूमने वाले गोवंशों को अनिवार्य रूप से गोसंरक्षण केन्द्रों में संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कितने लोगो को लाभान्वित कराया जा चुका है, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने हेल्थ एण्ड वेयरनेस सेंटर के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने अस्पतालों में दवाओं, चिकित्सकों एवं एम्बुलेंस की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निरंतर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्यों को खण्ड विकास अधिकारी से सत्यापन कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजनाओं, खाद्यय सुरक्षा, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजनाओं एवं ओ0डी0ओ0पी0 में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से लक्ष्य के सापेक्ष कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, ज्वाइंट मजिस्टेट श्री सार्थक अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तीन आरोपियों ने पूर्व सांसद अतीक अहमद पर दर्ज कराया है मुकदमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** धूमनगंज में आठ लोगों पर हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने समेत अन्य आरोपों में दर्ज मामले में अहम बात सामने आई है। पता चला है कि इनमें तीन नामजद आरोपी रहे थे। आरोपियों में अतीक का रिश्तेदार इमरान व उसका भाई जीशान, समीर, शनि, सनकी, मो. मेराज, आलम व मकसूद शामिल हैं। यह बात सामने आई है कि इनमें से तीन लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने नकारे आरोप, कहा नहीं मिली शिकायत इस मामले में वादी की ओर से लगाए गए कार्रवाई न करने के आरोप को फिलहाल पुलिस की ओर से गलत बताया



वह हैं जो माफिया अतीक अहमद पर पूर्व में मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। यह महज संयोग है या कुछ और, फिलहाल यह राज विवेचना में खुलेगा। धूमनगंज में दो दिसंबर को राजरूपपुर निवासी अधेड़ ने मुकदमा लिखाया है। आरोप है कि घर में घुसकर उससे 20 लाख की रंगदारी मांगी गई। साथ ही नाबालिग से छेड़छाड़ भी की गई। उसने यह भी बताया कि आरोपी खुद को अतीक अहमद का आदमी बता आरोपी ऐसे हैं, जो पूर्व में अतीक अहमद या उसके गुर्गों पर एफआईआर दर्ज करा चुके हैं। इनमें जीशान, मकसदू व आलम शामिल हैं। जीशान ने पिछले साल करेली व इसी साल अगस्त में पूरामुफ्ती में अतीक समेत अन्य जबकि चकिया निवासी मकसूद ने अतीक वे खास गुर्गे असाद, आरिफ उर्फ खचौली, नामी व फैजान पर धूमनगंज थाने में केस दर्ज कराया था। अब यह महज संयोग है या कुछ और, इसे गया है। गौरतलब है कि वादी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 31 अक्तूबर को घटना के अगले ही दिन उसने थाने में लिखित तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप यह भी है कि अफसरों को भी कई प्रार्थनापत्र दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। धूमनगंज इंस्पेक्टर राजेश मौर्य का कहना है कि उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली। उधर एसीपी धूमनगंज एनएन सिंह का भी कहना है कि उनके पास कोई शिकायत नहीं आई।




# रेल संरक्षा आयुक्त ने अधिकारियों संग किया स्टेशनों का गहन निरीक्षण परखी गुणवत्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ांचे में विस्तार के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मऊ-शाहगंज रेल खण्ड के दोहरीकरण कार्य के अन्तर्गत दोहरीकृत फरिहा सठियाँव 29.38किमी रेल खण्ड पर सठियांव आजमगढ़ नवनिर्मित अप लाइन एवं आजमगढ़-फरीहा नवनिर्मित डाउन लाइन का संरक्षा परीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर सर्किल मो0लतीफ खान द्वारा आज मंगलवार को किया गया। रेल संरक्षा आयुक्त मो0 लतीफ ने सबसे पहले फरिहां रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया दोहरीकृत सेक्शन के मानक के अनुरूप स्टेशन की पूर्ण ब्लॉक वर्किंग,सिगनलों की स्टैण्डर्ड घ्घ(आर) में इंटर लॉकिंग,कलर लाइट सिग्नलिंग,स्टेशन पैनल न्ॾ प्रणाली के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ पॉइंट्स सिगनलों के रूट सेटिंग, मानक के अनुरूप यार्ड प्लान,न्यूट्रल सेक्शन, पावर सब स्टेशन,स्टेशन वर्किंग रूल, पैदल उपरिगामी पुल,प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग,ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊँचाई,ब्लॉक ओवर लैप, फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प,फीडर पावरसप्लाई वितरण प्रणाली नियंत्रण फीडर आइसोलेशन आदि की संरक्षा परखी। इसके बाद उन्होंने किमी सं-57/5 पर थ्ैन्द- 10 में पड़ने वाले स्विच एक्स्टेंशन जॉइंट संख्या-19 का गहन निरीक्षण किया म।इसी क्रम में रेल संरक्षा आयुक्त ने किमी सं-57/4 पर पॉइंट्स सं-208ं एवं 209ँ, माईनर ब्रिज सं-39,कर्वेचर सं-5 एवं समपार फटक सं-36का संरक्षा निरीक्षण किया।दोहरीकृत रेल खण्ड के मानकों के अनुरूप विकसित सभी कार्यो को ठीक पाया।तदुपरान्त रेल संरक्षा आयुक्त फरिहा-सरायरानी ट्रॉली निरीक्षण करते हुए सरायरानी स्टेशन पहुँचे और स्टेशन पर दोहरीकरण सम्बंधित विकास कार्यों का निरीक्षण किया और रेल यात्रियों एवं कार्यरत रेल कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु विभिन्न पहलुओ की जाँच की। इसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त फरिहा-आजमगढ़ रेल खण्ड पर पड़ने वाले समपार फाटक संख्या-35, किमी सं-48/ 19-21 पर ओवर हेड विद्युत लाइन क्रासिंग की मानक के अनुरूप संरक्षा परखी।आजमगढ़ रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया और दोहरीकृत रेल खण्ड के मानक के अनुरूप यार्ड प्लान,स्टेशन वर्किंग रूल,केंद्रीकृत स्टेशन पैनल,पैदल उप रिगामी पुल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग,अर्थिंग ट्रैक, ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊँचाई ,ब्लॉक ओवर लैप, फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प ,पैनल इन्टर लॉकिंग, फीडर पावर सप्लाई वितरण प्रणाली व नियंत्रण फीडर आइसोलेशन आदि की संरक्षा परखी।इसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त ट्रॉली निरीक्षण करते हुए सठियाँव रोड रेलवे स्टेशन पहुँचे और स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने दोहरीकृत मानकों के अनुरूप स्टेशन वर्किंग रुल, प्लेटफार्म के विस्तार,प्लेट फार्म से ओवर हेड की ऊँचाई,पैदल उपरिगामी पुल से ओवर हेड क्लियरेंस,कलर लाइट सिगनलिंग,प्लेटफार्म शेड एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।फरिहाँ- सठियाँव रेल खण्ड पर निरीक्षण करते हुए रेल संरक्षा आयुक्त ने ब्लाक सेक्शन में दोहरीकरण के अनुरूप समपार फाटकों के सुधार,नई लाइन के कर्वेचर के इन्डेन्ट ,नवनिर्मित पूल पुलियाओं ब्लाक सेक्शन में स्टैंडर्ड मानकों के अनुसार लाइन फिटिंग्स, बैलास्टिंग एवं पैकिंग, कर्वेचर पर क्लियरेंस तथा दोहरीकरण के अनुरूप समपार फाटकों बूम लॉक व हाइट गेजों के संस्थापन सुनिश्चित किया।उक्त सभी स्टेशनों में यात्री सुविधाओं के आवश्यक प्रावधान हैं। ज्ञातव्य हो की फेफना-इंदारा (50.00 किमी)मऊ- शाहगंज (99.75 किमी) सेक्शन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण के कार्य को पिंक बुक आइटम नंबर 12 के तहत मंजूरी दी गई थी। 1028.95 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत और 1.59झ् आरओआर के साथ 2016-17 के 32। 2018 में रेल मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम रेल विकास निगम लिमिटेड को यह काम स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे निर्माण संगठन द्वारा अंतिम रूप दिए गए भवनों और प्रमुख पुलों के अनुबंध शामिल हैं। इन लाइनों के दोहरीकरण से एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करके भीड़भाड़ वाले उत्तर मध्य रेलवे मार्ग पर दबाव कम हो जाएगा।निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण पूर्वोत्तर रेलवे राजीव कुमार, वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय,मुख्य परियोजनाप्रबंधकर्(न्थ्)विकास चन्द्रा, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्लानिंग पवन कुमार,मुख्य विद्युतडिज़ाइन इंजीनियर सुदेश कुमार,उप रेल संरक्षा आयुक्त बलबीर यादव,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय)राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडलपरिचालन प्रबंधक ए पी सिंह,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण)आर एन सिंह,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)पंकजकेशरवानी ,वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजिनियर रजत प्रिय,मंडल इंजीनियर (सामान्य) पीपी कुजुर समेत रेल विकास निगम लिमिटेड मुख्यालय, वाराणसी मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।इस दौरान मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने आम जनता को यह चेताया कि सठियाँव-आजमगढ़-फरिहा रेल खण्ड को आज से दोहरीकृत समझें और रेलवे ट्रैक तथा ओवर हेड लाइन से सुरक्षित दूरी बनाये रखें।



# अच्छी शिक्षा राष्ट्र के निर्माण के साथ परिवार का नाम भी रोशन करती हैं- डॉ0जे0आर0मिश्र

## स्मार्टफोन पाकर खिल उठे छात्रों के चेहरे,छात्र बोले, अब पढ़ाई में होगी आसानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योगी सरकार की ओर से स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बिल्थरारोड तहसील के पिपरौली-बड़ागॉव इश्तियाक मेमोरियल महाविद्यालय व फार्मेसी कालेज के 67 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।स्मार्ट फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान मुख्य अतिथि सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल डा0जे0 आर0 मिश्र के हाथों स्मार्टफोन का वितरण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा0जे0 आर0 मिश्र ने कहा कि अच्छी शिक्षा राष्ट्र के निर्माण के साथ परिवार का नाम भी रोशन करती हैं।उन्होंने कहा सरकार की इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का तकनीकी ज्ञान बढ़ेगा।आज के इस डिजिटल युग में हर छात्र के हाथ स्मार्टफोन होना जरूरी है। पठन-पाठन की प्रक्रिया धीरे-धीरे अब डिजिटल होती जा रही है।इसलिए यह स्मार्टफोन छात्रों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। उन्होंन कहा आज के इस तकनीकी युग में स्मार्टफोन का सदुपयोग करना चाहिए वही इसके दुरूपयोग से बचना भी चाहिए! मुख्य अतिथि डा0जे0आर0 मिश्रा ने स्मार्टफोन के लाभान्वित हुए छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान इश्तियाक मेमोरियल महाविद्यालय पिपरौली बड़ागांव के प्रबंधक जावेद अहमद ने कहा कि छात्र-छात्राएं देश के भविष्य के निर्माता हैं। जिसका प्रारंभ अच्छे संस्कार और शिक्षा से होता है। प्रदेश सरकार ने छात्रों के अध्ययन को सुगम बनाने यह कदम उठाया है।उन्होंने कहा कि छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्टफोन प्रदान किए गए हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि स्मार्टफोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाएं। इस आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से किया गया। कॉलेज के प्रबंधक ने सभी अतिथियों व उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कालेज के सभी शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।




# दो सालों के लिए बुकिंग फुल, 50 जगहों पर रुकेगा, 27 नदियों से गुजरेगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** जानिए सबकुछदुनिया की सबसे लंबी क्रूज यात्रा पर रवाना होने के लिए तैयार गंगा विलास क्रूज आत्मनिर्भर भारत का उदाहरण है। क्रूज को इस तरह डिजाइन किया गया है कि पर्यटकों को प्लास्टिक की बोतलों की जरूरत ही ना पड़े। क्रूज में आधुनिक उपकरणों से लैस एसटीपी लगाई गई है। गंगा विलास क्रूज की आधिकारिक जलयात्रा सितंबर से शुरू हो सकती है, फिर भी क्रूज की बुकिंग अगले दो वर्षों के लिए फुल हो गई। इसकी पुष्टि क्रूज के निदेशक राज सिंह ने भी की है। निदेशक के मुताबिक, गंगा में क्रूज के संचालन से पर्यटक उत्साहित हैं। विदेशी पर्यटक भी खूब आ रहे हैं। गंगा विलास काशी से बोगीबिल की यात्रा पूरी करेगा, फिर कोलकाता से वाराणसी की सैर पर लौटेगा। क्रूज से नदी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार बढ़ेगा। गंगा बेल्ट में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्राचीन संस्कृति और धरोहर पर्यटकों पसंद आते हैं। भारतीय खानपान भी विदेशी पर्यटकों को भा रहा है। दुनिया की सबसे लंबी क्रूज यात्रा पर रवाना होने के लिए तैयार गंगा विलास क्रूज आत्मनिर्भर भारत का उदाहरण है। क्रूज का इंटीरियर देश की संस्कृति और धरोहर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इंटीरियर में सफेद, गुलाबी, लाल और हल्के रंगों का इस्तेमाल किया गया है। वुडेन फ्लोरिंग और रंगों का बेहतर समन्वय पर्यटकों को सबसे अधिक पसंद आ रहा है। सितंबर से क्रूज का नियमित संचालन भी शुरू हो जाएगा। अंतरा क्रूज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राज सिंह का कहना है कि क्रूज में तीन डेक हैं। तीनों डेक पर अलग-अलग सुविधाएं हैं। क्रूज पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। कचरों को एक जगह एकत्र कर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया जाता है। प्रदूषण का स्तर शून्य रखने के लिंए इंधन के रूप में हाई स्पीड डीजल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें लगे ऑयल स्प्रेडर्स डीजल को गंगा में जाने से बचाते हैं। क्रूज में 60 हजार लीटर पानी स्टोर करने की क्षमता है। क्रूज को इस तरह डिजाइन किया गया है कि पर्यटकों को प्लास्टिक की बोतलों की जरूरत ही ना पड़े। क्रूज में आधुनिक उपकरणों से लैस एसटीपी लगाई गई है। राज सिंह ने बताया कि पहले अलग-अलग नदियों में यात्रा के लिए अनुमति लेनी पड़ती थी लेकिन अब एक बार ही अनुमति लेकर क्रूज यात्रा शुरू हो सकती है। इससे व्यापार, संस्कृति, शिक्षा, अनुसंधान सभी को मजबूती मिल रही है।गंगा विलास क्रूज की अपस्ट्रीम में रफ्तार 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा है। डाउनस्ट्रीम में इसकी रफ्तार दोगुनी हो जाती है। क्रूज के संचालन में एक दिन में एक हजार लीटर डीजल खर्च होता है। इसकी ईंधन क्षमता 40 हजार लीटर की है। इस लिहाज से 40 दिन तक यह लगातार पानी पर तैर सकता है। पानी की गहराई 1.4 मीटर होना जरूरी क्रूज के संचालन के लिए पानी की गहराई 1.4 मीटर ही चाहिए, इसलिए कोलकाता से वाराणसी आते समय कहीं भी पानी की गहराई को लेकर परेशानी नहीं हुई। खराब मौसम के कारण ही परेशान होना पड़ा। बनारस से डिब्रूगढ़ की यात्रा के दौरान पर्यटकों के लिए 40 शहरों में ठहरने और घूमने के इंतजाम किए गए हैं।



# दो साल की बच्ची ने फेविक्विक आंख में डाला, चिपक गई पुतली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** वाराणसी में मंगलवार को दो साल की बच्ची की आंखें फेविक्विक पड़ने की वजह से चिपक गई। बच्ची ने घर में रखे फेविक्विक को उठा कर बाएं आंख में डाल लिया। उसके बाएं आंख की पुतली फेविक्विक लगने की वजह से चिपक गई। परिजन बच्ची को अस्पताल ले गए जहां.. वाराणसी में चौक निवासी दो साल की बच्ची समृद्धि के आंख में फेविक्विक पड़ने की वजह से उसकी आंखें चिपक गई। मंगलवार की भोर में घटी इस घटना के तुरंत बाद परिजन उसे लेकर नेत्र सर्जन के वहां पहुंचे। यहां सर्जन ने करीब आधे घंटे तक ऑपरेशन किया। इसके बाद बच्ची की स्थिति सामान्य हुई, तब जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली। चिकित्सक के मुताबिक परिवारवालों की तत्परता की वजह से बच्ची का समय से इलाज हुआ और उसकी आंखों की रोशनी बच गई। समृद्धि को लेकर परिजन मंगलवार को भोर में करीब साढ़े तीन बजे बड़ी पियरी स्थित नर्सिंग होम में नेत्र सर्जन डॉ. अनुराग टंडन के पास पहुंचे। डॉ. टंडन ने बताया कि परिजनों से घटना का कारण पूछने पर पता चला कि बच्ची ने घर में रखे फेविक्विक को उठा कर बाएं आंख में डाल लिया। उसके बाएं आंख की पुतली फेविक्विक लगने की वजह से चिपक गई थी। जानकारी होने के बाद परिजन तुरंत नर्सिंग होम लेकर आए। यहां प्राथमिक जांच के बाद उसका ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया।




सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिंग
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com
Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➩ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# गांजा तस्कर सुरेंद्र यादव का 15 लाख का मकान कुर्क, पुलिस की कार्रवाई से मचा हड़कं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सिधारी थाना क्षेत्र के सुरसी गांव निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र स्व. रामहित यादव गांजा कारोबारी है। उस पर गैंगेस्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। तीन अगस्त को सिधारी पुलिस व एसओजी टभ्म ने सुरेंद्र यादव को सहयोगी अनिल यादव, राकेश यादव को दो कुंतल 13 किग्रा गांजा के साथ पकड़ा था। सिधारी थाना पुलिस ने मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर गांजा तस्कर सुरेंद्र यादव का पैतृक भूमि पर बनाये गए मकान को कुर्क कर लिया। कुर्क किए गए मकान की वर्तमान मार्केट वैल्यू 15 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान गांव में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सिधारी थाना क्षेत्र के सुरसी गांव निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र स्व. रामहित यादव गांजा कारोबारी है। उस पर गैंगेस्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। तीन अगस्त को सिधारी पुलिस व एसओजी टभ्म ने सुरेंद्र यादव को सहयोगी अनिल यादव, राकेश यादव को दो कुंतल 13 किग्रा गांजा के साथ पकड़ा था। सुरेंद्र अपने गैंग के सदस्यों के साथ गांजा तस्करी कर अवैध व्यापार में संलिप्त था। इस अवैध कारोबार से की गई कमाई से उसने अपने पैतृक भूमि पर नया मकान बनवाया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर एक जनवरी को पुलिस से सुरेंद्र द्वारा गांजा बेच कर अर्जित किए गये धन से खरीदी गई आई-10 कार व एक हीरो बाइक को कुर्क किया गया था। जिसकी कीमत 2.37 लाख रुपये आंकी गई थी। वहीं मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर ही सुरेंद्र द्वारा पैतृक भूमि पर निर्मित कराए गये मकान को भी कुर्क कर लिया गया। जिसका वर्तमान बाजारू कीमत 15 लाख रुपये आंका गया है। गैंगेस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई है। मकान पर कुर्क करने की नोटिस चस्पा करने के साथ ही मुनादी भी करवायी गई।



# जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स शिखर सम्मेलन समिति हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** उद्योग लगाने हेतु उद्यमी जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट में अपना प्रस्ताव करें प्रस्तुत- जिलाधिकारी जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिति का निवेशकों/उद्यमियों को दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी अधिकारियों को विभागों से सम्बन्धितत अधिक से अधिक निवेश लाने के लिए निर्देशित किया गया है तथा भविष्य में आने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रशासन के द्वारा पूर्ण सहयोग किये



आयोजन हुआ, उक्त शिखर सम्मेलन में जनपद में उद्योग लगाने हेतु उद्यमी व विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहें। जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स शिखर सम्मेलन में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि माह फरवरी,2023 में लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में भी निवेश की संभावनाओं की तलाश एवं निवेशकों के प्रोत्साहन के लिए निवेशक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस शिखर सम्मेलन में सरकार द्वारा निवेश प्रोत्साहन के लिए चलायी जा रही एम0एस0एम0ई0, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन, कृषि, नवीनकरणीय ऊर्जा आदि से सम्बन्धित नीतियों की जानकारी जाने के लिए आश्वासन दिया गया। सम्मेलन में जनपद की बड़ी औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि, उद्योग व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि एवं समस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, डी0एफ0ओ0 सोनभद्र,अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सहदेव कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सोनभद्र आर0पी0 गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, उप निदेशक कृषि ए0के0 गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधिगण, उद्यमी व व्यापारीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो शिक्षकों समेत तीन की मौत, चार घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** हाथीनाला-डाला क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर रविवार को 15 घंटे के अंदर अलग-अलग तीन सड़क हादसों में मोटरसाईकिल सवार दो लोगों की ट्रेलर से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। दोनों निजी स्कूल के शिक्षक बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बाइक चालक हेलमेट पहने हुए था। वहीं शनिवार की आधी रात को हाथीनाला से रेणुकूट की तरफ डाक पार्सल गाड़ी जा रही थी उसी समय विपरीत दिशा से ट्रेलर आ रहा था, जो डाक पार्सल गाड़ी को टक्कर मार दिया। इससे पार्सल गाड़ी पलट गई। इस हादसे में घायल चालक विवेक मिश्रा (28) निवासी लालपुर, थाना निगोहा, लखनऊ की जिला अस्तपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा एक घटना रविवार दोपहर बाद साढ़े तीन बजे डाला बाजार की है। मोटरसाईकिल पर सवार दो लोग सड़क पर चल रहे थे कि मार्ग पार कर रहे व्यक्ति से टकराकर गिर गए। इसमें रामविचार (30) निवासी चरक पथरी, राज कुमार (43) निवासी डाला व सोनू (25) निवासी बाड़ी घायल हो गए। इस घटना के बाद काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। तीनों घायलो को निजी चिकित्सालय ले जाया गया है। हाथीनाला थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी ने बताया कि रविवार को दिन 12 बजे एक ही मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग रेणुकूट से हाथीनाला की तरफ आ रहे थे। हथवानी क्षेत्र में पहुंचते ही मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर मार्ग पर गिरी, उसी समय पीछे से आ रहे ट्रेलर से कुचल गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की पहचान आलोक पांडेय (25) निवासी रेणुकूट व युवराज सिंह (24) निवासी रेणुकूट के रूप की और स्वजन को भी सूचना दी। पुलिस ने बताया कि दोनों मृतक शिक्षक थे, जो किसी निजी स्कूल में पढ़ाते थे।

# अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर दो-दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वर्ष 2022-23 चुनाव का हाल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र चुनाव सत्र 2022 - 23 के लिए मंगलवार को अंतिम दिन अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। शेष पदों पर अकेला पर्चा लिया गया है, जिसकी वजह से अन्य सभी पदों पर अकेला पर्चा लिए जाने की वजह से उनका लगभग निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।



सहायक चुनाव अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार कनौजिया एडवोकेट व रामचन्द्र सिंह एडवोकेट ने पर्चा दाखिल किया है। महामंत्री पद के लिए विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट व राजेन्द्र कुमार यादव एडवोकेट तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट व टीटू प्रसाद गुप्ता एडवोकेट ने पर्चा दाखिल किया है। इन्हीं पदों पर 19 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर फूल सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे विरेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट, सचिव प्रकाशन महेश कुमार एडवोकेट व वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए राजबहादुर सिंह एडवोकेट व गुलाब प्रसाद एडवोकेट एवम् कनिष्ठ सदस्य कार्यकारी के लिए अभिषेक सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। मनोज कुमार जायसवाल एडवोकेट उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे वीरेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे, नवीन कुमार पांडे एडवोकेट सचिव प्रशासन के लिए तथा महेश कुमार सचिव प्रकाशन के लिए एवं अभिषेक सिंह कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए नामांकन पत्र जमा किया।वही जमा नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन नामांकन प्रपत्र पर आपत्ति तथा जांच व आपत्ति निस्तारण 11 जनवरी 2023 तथा नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन एवं नामांकन प्रपत्र वापसी तथा अंतिम सूची का प्रकाशन 12 जनवरी 2023 को किया जाएगा। इसी क्रम में मतदाता सूची का वितरण 13 जनवरी को 23 को किया जाएगा एवं मतदान 19 जनवरी 2023 को होना सुनिश्चित है। सुरेश सिंह एडवोकेट सहायक के रूप में चुनाव के नामांकन पत्र वितरण व जमा में सहयोग किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर सी एस आर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में ग्रामीण जनों को मिली नई रोशनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर के सीएसआर, संजीवनी चिकित्सालय एवं वनिता समाज के सामंजस्य से समाज कल्याण के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण जनों हेतु निःशुल्क चिकित्सा नेत्र शिविर का आयोजन 8 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक संजीवनी अस्पताल में किया गया किया। इस




निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर में 8 जनवरी को 493 ग्रामीण आम जनों को पंजीकरण किया गया। तदुपरान्त जांच के बाद विशेषज्ञ डाक्टर की टीम डॉ ए.के. मिश्रा, नेत्र विशेषज्ञ, संजीवनी अस्पताल , डॉ.आर.सी.दुआ एवं डॉ.नितिन दुआ, साइट और लाइफ समिति , मिर्जापुर द्वारा 251 मरीजों के नेत्र का सफल ऑपरेशन किया गया। इस नेत्र चिकित्सा शिविर में सबसे ज्यादा मोतियाबिन्द एवं काला मोतिया, नाखुना आदि का ऑपरेशन किया गया। इस शिविर में भर्ती किए गये मरीजों को निःशुल्क दवाई, निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन, निःशुल्क आवासीय सुविधा, ऑपरेशन के बाद दवा एवं चश्मा भी निःशुल्क प्रदान किया गया। वनिता समाज द्वारा नेत्र चिकित्सा के मरीजों को कंबल एवं बर्तन भी वितरित किए गया। इस निःशुल्क चिकित्सा नेत्र शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 9 जनवरी, 2023 को संजीवनी अस्पताल में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । इन नेत्र शिविर को उद्देश्य ग्रामीण लोगों को आंखों की देखभाल, पूर्ण नेत्र चिकित्सा आदि के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग संजीवनी चिकित्सालय एवं वनिता समाज की टीम को न केवल आस-पास के समुदायों बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों के जरूरतमंद ग्रामीण जनों हेतु निःशुल्क चिकित्सा नेत्र जांच शिविर आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग नेत्र रोग से पीड़ित हैं जिसमे सिर्फ मोतियाबिंद के कारण 80 लाख लोग अंधेपन के शिकार हैं। यह निःशुल्क नेत्र शिविर के तहत जो ग्रामीण जरूरतमंद लोग महंगी नेत्र सर्जरी, विशेष रूप से मोतियाबिंद और अन्य प्रमुख आंखों के ऑपरेशन कराने में असमर्थ है उनकी मदद की गई है। इस अवसर पर डॉ एस के खरे, महाप्रबंधक (मेडिकल सेवाएँ), डॉ बी.सी. चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), एनटीपीसी विंध्याचल , श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, श्री प्रबोध, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), श्री बिभास घटक, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट, टीएस एवं एफ़जीडी), श्रीमती शुभ्रा घटक, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज, श्री अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री बिजोय कुमार सिकदर, मानव संसाधन प्रमुख, डॉ ए.के. मिश्रा (नेत्र विशेषज्ञ, संजीवनी अस्पताल ), श्री गोपाल दत्त, कमांडेंट (सीआईएसएफ़), डॉ.आर.सी.दुआ एवं डॉ.नितिन दुआ (साइट और लाइफ समिति , मिर्जापुर), संजीवनी चिकित्सालय के अन्य डॉक्टर एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस शिविर के आयोजन में सीआईएसएफ़ एवं टाउनशिप सुरक्षा विभाग द्वारा मरीजों के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए गए। इस शिविर के आयोजन में मानव संसाधन विभाग, विद्युत, आईटी विभाग, संत जोसफ स्कूल एवं केन्द्रीय विद्यालय के विध्यार्थियों,वॉलंटियर द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर कैंप को सफल बनाने में उत्कृष्ट योगदान दिया गया ।

# मारकुंडी के पूर्व प्रधान श्रवण कुमार 20 जनवरी को एससी/एसटी कोर्ट में तलब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाने के लिए सम्पूर्ण धनराशि न देने का मामला - जब अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति ने शौचालय के बकाया एक हजार रुपये की मांग की तो जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने एवं जान मारने की धमकी का है पूर्व प्रधान पर आरोप स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति को शौचालय निर्माण का बकाया धनराशि की मांग करने पर मारकुंडी के पूर्व प्रधान श्रवण कुमार द्वारा जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए जान मारने की धमकी दिए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र की अदालत ने सुनवाई करते हुए प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए पूर्व प्रधान श्रवण कुमार को आगामी 20 जनवरी 2023 को कोर्ट में तलब किया है। साथ ही परिवादी दिनेश कुमार को 10 दिन के भीतर पैरवी करने का आदेश दिया है। बता दें कि चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी मीना बाजार निवासी दिनेश कुमार पुत्र स्वर्गीय छोटक पनिका ने 22 जनवरी 2020 को न्यायालय में अपने अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक के जरिए दाखिल परिवाद पत्र में आरोप लगाया था कि वह अनुसूचित जनजाति पनिका बिरादरी का गरीब व्यक्ति है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत शौचालय बनाने के लिए शासन से 12 हजार रुपये की धनराशि मिलती है। लेकिन न जाने किस वजह से सिर्फ उसे 26 दिसंबर 2016 को 6 हजार रुपये का चेक तथा 16 अगस्त 2017 को 5 हजार रुपये का चेक मिला। जिसे इलाहाबाद बैंक शाखा गुरमा स्थित अपने बचत खाते में जमा किया। इस प्रकार से सिर्फ 11 हजार रुपये ही खाते में भेजा गया। शेष एक हजार रुपये बकाया की मांग जब तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रवण कुमार से किया तो वे कहे कि क्या मेरे ऊपर भरोसा नहीं है जब 11 हजार रुपये दे दिया तो क्या एक हजार रुपये नहीं दे दूंगा। वे बार-बार झूठा आश्वासन देते रहे। जब ग्राम प्रधान से बकाया पैसे की मांग किया तो आग बबूला हो गए और जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया और जान से मारने की धमकी भी दिया। इतना ही नहीं 3 जनवरी 2020 को शाम 7:30 बजे ग्राम प्रधान श्रवण कुमार पुत्र स्वर्गीय शिवप्रसाद घर में घुस आया और जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए जान मारने की धमकी देने लगा। जब गाली देने से मना किया तो मारपीट पर आमादा फसाद हो गया। शोरगुल की आवाज सुनकर पास-पड़ोस एवं गांव-घर के तमाम लोग आ गए तब ग्राम प्रधान गाली देते हुए भाग गया। इसकी सूचना थाने पर दिया, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब 6 जनवरी 2020 को एसपी सोनभद्र समेत उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक के तर्कों को सुनने, परिवादी दिनेश कुमार, गवाहों कृष्ण कुमार, मशालु व रामरती के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर प्रथम दृष्टया अपराध मानते हुए मारकुंडी के पूर्व प्रधान श्रवण कुमार को आईपीसी की धारा 504, 506 व 3(2)5ए एससी/एसटी एक्ट में आगामी 20 जनवरी 2023 को सम्मन के जरिए तलब किया है। साथ ही परिवादी को 10 दिन के भीतर पैरवी करने का आदेश दिया है।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले एव पाक्सो एक्ट के प्रकरण मे 24 घन्टे के अन्दर हुई ओबरा पुलिस ने कि गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना ओबरा पर लिखित तहरीर दी गयी कि मोहम्मद टुन्नी पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी दूशान लेबर कालोनी ओबरा, थाना ओबरा, सोनभद्र उम्र



लगभग 24 वर्ष द्वारा मेरी पुत्री उम्र लगभग 11 वर्ष को बहला फुसलाकर घर से कुछ दुर ले जाकर झाड़ियों में उसके साथ दुष्कर्म किया गया । उक्त घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 03/23 धारा 376 भादवि व 5श/6 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की शीध्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डा0 यशवीर सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस को विशेष निर्देश दिये गये। इस क्रम में थाना ओबरा पुलिस द्वारा उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त मोहम्मद टुन्नी पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी मुस्तफापुर, थाना विभुतिपुर, जनपद समस्तीपुर (बिहार) हाल-पता दूशान लेबर कालोनी ओबरा, थाना ओबरा, सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर समय 09.10 बजे डायमण्ड होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। **गिरफ्तार अभियुक्त** - मोहम्मद टुन्नी पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी मुस्तफापुर, थाना विभुतिपुर, जनपद समस्तीपुर (बिहार) हाल-पता दूशान लेबर कालोनी ओबरा, थाना ओबरा, सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 2. निरीक्षक अपराध केदारनाथ मौर्य, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 3. उ0नि0 अमित कुमार त्रिपाठी, चौकी प्रभारी कस्बा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 4. आरक्षी राम सिहं यादव, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 5.आरक्षी अशोक कनौजिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र ।

# शक्तिनगर में शीतकालीन बालिका सशक्तीकरण मिशन ( जेम )-2022-23 पुनश्चर्या कार्यशाला का भव्य समापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में आयोजित शीतकालीन सत्र बालिका सशक्तीकरण अभियान - 2022-23 पुनश्चर्या कार्यशाला से सशक्त हुई ग्रामीण बालिकाएँ एनटीपीसी सिंगरौली, समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पधारीं श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज, श्रीमती श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज ने अवगत कराया कि बालिका सशक्तीकरण अभियान-2022-23 पुनश्चर्या कार्यशाला के तहत विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं के ज्ञान, कौशल और समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ाने हेतु साप्ताहिकआवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसके तहत गोस्वामी एवं अन्य अतिथिगण द्वारा शांति निकेतन जन सेवा समिति की जेम कोरडीनटोर्स एवं सदस्याओं को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया । इसी क्रम में श्री हीरा लाल, ग्राम प्रधान, चिल्काडांड एवं उपस्थित पत्रकार बंधुओ को उनके एनटीपीसी सिंगरौली को निरंतर समाज कल्याण गतिविधियों में सहयोग




नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, श्रीमती शुभ्रा घटक, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज को जेम बालिकाओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तदुपरान्त एनटीपीसी गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी बालिकाओं ने साप्ताहिक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीखे गए कला-कौशल का मंत्रमुग्ध प्रदर्शन किया। बालिकाओं द्वारा विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओं, देशभक्ति विषयों पर विभिन्न नृत्य, गीत एवं नाटक पर प्रस्तुतीकरण दी गयी। स्वास्थ्य और फिटनेस की भावना को आत्मसात करने एवं दूसरे को प्रेरित के लिए बच्चों द्वारा योग पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण, पेंटिंग, स्केचिंग, कला- कौशल, सॉफ्ट स्किल्स, स्वास्थ्य और स्वच्छता, कंप्यूटर प्रशिक्षण आदि प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण मॉड्यूल को बालिकाओं के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था । उन्होंने बालिकाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं देशभक्तिपरक प्रस्तुति देने के लिए बालिकाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि जैसे एनटीपीसी की बिजली पूरे देश भर को रोशन कर रही है, वैसे ही ये बालिकाएँ भी एनटीपीसी के माध्यम से पूरे देश को रोशन करेंगी। इस अवसर पर श्रीमती जयिता हेतु सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नील कमल भोगल, वेलफ़ैर प्रभारी, श्रीमती शुभ्रा घटक, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज, वनिता समाज की अन्य सम्मानित सदस्याएँ, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, श्री हीरा लाल, ग्राम प्रधान, जेम शिक्षिकाएँ, सम्मानित पत्रकार बंधु आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डा ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डा ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक (सीएसआर), सुश्री रिंकी गुप्ता,कार्यपालक(नैगम संचार)एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

# एनटीपीसी ने सिंगरौली बालिका सशक्तीकरण प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर।** क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) एवं कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा, सतत विकास, पर्यावरण एवं राख प्रबंधन) ने किया एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर सीएसआर बालिका सशक्तीकरण अभियान पुनश्चर्या कार्यशाला के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने एवं उनसे चर्चा करने हेतु श्री प्रवीण सक्सेना, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) एवं श्री एमवीआर रेड्डी, कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा, सतत विकास, पर्यावरण एवं राख प्रबंधन) एनटीपीसी सिंगरौली पधारे। अतिथिगण के साथ शीतकालीन बालिका सशक्तीकरण अभियान-2022-23 पुनश्चर्या कार्यशाला बैच की बालिकाओं के साथ इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। इस इंटरैक्टिव सत्र एवं बालिकाओं के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि श्री प्रवीण सक्सेना, श्री एमवीआर रेड्डी, श्री बसुराज गोस्वामी एवं जेम बालिकाओं द्वारा केक काटा गया।



इस अवसर पर श्री प्रवीण सक्सेना एवं श्री एमवीआर रेड्डी का यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा सम्मानित भी किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर द्वारा सीएसआर के तहत गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन सत्र के तहत 3 जनवरी से 10 जनवरी-2023 तक बालिका सशक्तीकरण अभियान पुनश्चर्या कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। श्री बसुराज गोस्वामी ने अपने स्वागत भाषण में श्री प्रवीण सक्सेना, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र),श्री एमवीआर रेड्डी, कार्यकारी निदेशक एवं अन्य गण्यमान्य अतिथियों द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान -2022-23 कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने एवं बालिकाओं को आशीर्वचन प्रदान करने हेतु इंटरैक्टिव सत्र में पधारने हेतु धन्यवाद व्यक्त किया गया । श्री प्रवीण सक्सेना, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) ने अपने संबोधन में एनटीपीसी सिंगरौली में आयोजित बालिका सशक्तीकरण अभियान -2022-23 पुनश्चर्या कार्यशाला की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली इस बालिका सशक्तीकरण अभियान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए महान कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं विशेषकर ग्रामीण बालिकाओं का आत्मविश्वास से भरपूर होना बहुत जरूरी है एवं उन्हे गर्व है कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा जेम प्रोग्राम के तहत बालिकाओं को आत्मविश्वास एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। श्री एमवीआर रेड्डी ने अपने संबोधन में एनटीपीसी की समग्र सुरक्षा संस्कृति पर जोर दिया एवं बालिकाओं को हमेशा अपनी सुरक्षा पहले सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।उन्होंने बालिकाओं की समग्र सुरक्षा हेतु उच्च श्रेणी की 247 सुरक्षा प्रदान करने के लिए एनटीपीसी सिंगरौली को भी बधाई दी। श्री प्रवीण सक्सेना एवं श्री एमवीआर रेड्डी ने जेम प्रतिभागियों को पढ़ाई में सुविधा हेतु कॉम्पेक्ट सोलर चार्जेबल लैम्प भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा श्री चंदन कुमार, दृष्टिबधित भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान को उच्च गुणवत्तायुक्त ट्रैक सूट भेंट कर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व में भी एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा श्री चन्दन कुमार को विभिन्न सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर डॉ एस के खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं), श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्री बिभास घटकमहाप्रबंधक (प्रोजेक्ट, एफ़जीडी, एवं टीएस ), श्री ए के सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), श्री जोसेफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट), एनटीपीसी के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण, जेम कोरडीनटोर्स, जेम रिफ्रेशर कोर्स की बालिकाएँ आदि उपस्थित रहें।इस कार्यक्रम का समापन श्री बिजोय कुमार सिकदर (मानव संसाधन प्रमुख ) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डा.ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक (सीएसआर), सुश्री रिंकी गुप्ता,कार्यपालक(नैगम संचार) एवं उनकी कुशल टीम द्वारा किया गया।

# मैं हर मैच को अपना आखिरी समझता हूं', प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद विराट कोहली ने दिया बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने वनडे का 45वां शतक जड़ा, वहीं अंतरराष्ट्रीय का 73वां शतक पूरा किया और भारतीय टीम को पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा करने में अहम योगदान दिया। किंग कोहली को मैच के बाद हुई प्रेंजेटेशन के दौरान 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।दरअसल, भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच 10 जनवरो को गुवाहाटी में खेले गए पहले वनडे मैच में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्हें मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अर्वाड मिला। इस दौरान किंग कोहली ने बयान देते हुए कहा, "मुझे नहीं लगता कि कुछ भी अलग था, क्योंकि मैं हर मुकाबले से पहले अपने खेल के तरीके और उसे अच्छा करने का विचार करता हूं। मैंने उसी इरादे के साथ अयास किया। जब बले पर गेंद अच्छी आने लगी तो मैं अपने हिसाब से खेल रहा था। मैं जिस तरह से खेलता हूं उसके बहुत करीब मैं था यहां। मैं खुश हूं कि टीम के लिए अंत में अहम 25 से 26 रन जोड़ सका। एक चीज तो मैंने देखी है कि डेस्पीरेशन आपको कहीं नहीं ले जाती है। मैं यह नहीं सोचता हूं कि लोगों के हिसाब से सोचूं, मैं ऐसे खेलता हूं कि हर मैच मेरा आखिरी मैच है। पहले खिलाड़ी खेलकर जा चुके हैं, मैं भी हमेशा नहीं खेलूंगा, मैं बस अपने खेल का लुत्फ ले रहा हूं।"नंबर 3 पर बल्लेबाज करने आए विराट कोहली ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 80 गेंदों पर शतक पूरा किया। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 12 का रहा। कोहली ने 87 गेंदों पर 113 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके साथ ही उन्होंने सचिन तेंदुलकर का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है बता दें कि सचिन ने श्रीलंका के खिलाफ कुल 8 शतक लगाए थे, वहीं विराट कोहली ने उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया और श्रीलंका के खिलाफ वनडे में 9 शतक जड़ दिया। इसके साथ ही श्रीलंका के खिलाफ भारत की ओर से कोहली वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।




# पहले वनडे में मिली हार के बाद तिलमिलाए दसुन शनाका इन्हें ठहराया हार का असल जिम्मेदार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने श्रीलंका को तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में 67 रनों से करारी शिकस्त दी। इस मैच में जीत के साथ भारत ने सीरीज पर 1-0 से बढ़त हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने दसुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका टीम को 374 रनों का टारगेट दिया। दसुन शनाका ने मैच में दमदार शतकीय पारी खेली, लेकिन उनके शतक के बाद भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका टीम 8 विकेट के नुकसान पर 306 रनों पर ही ढेर हो गई। मैच के बाद दसुन शनाका ने क्या कहा आइये जानते है।दरअसल, भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच में श्रीलंका को 67 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारतीय टीम की तरफ से विराट कोहली ने शतकीय पारी खेली, तो वहीं श्रीलंका टीम की तरफ से दसुन शनाका ने दमदार शतक जड़ा। लेकिन शनाका के शतक के बाद भी श्रीलंका को हार झेलनी पड़ी। मैच में मिली हार के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान शनाका ने अपने गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताई और कहा कि "हमने शुरुआत में ही अपने काफी विकेट गंवा दिए थे, जिसके कारण इतने बड़े लक्ष्य तक पहुंचने में हम नाकाम रहे। हम अपने प्लान के साथ उतरे थे, लेकिन उसपर अमल नहीं कर हो पाए। जिस तरह से भारतीय बल?लेबाजों को शुरुआत मिली वह अच्छी थी, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने विकेट पर गेंद नहीं डाली। जब हम बल?लेबाजी करने आए तो उन्होंने विकेट टू विकेट गेंदबाजी की। हमें बस स्टंप लाइन में गेंद करनी होगी। जहां तक मेरे नंबर चार या उससे ऊपर पर आने की बात है तो वनडे में ऐसी बात नहीं हुई है लेकिन टी20 में मुझे ऊपर भेजा जाता है।" भारत के खिलाफ श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने श्रीलंका टीम की पारी को संभाला और अंत तक पिच पर डटे रहे। शनाका ने शतकीय पारी खेली। 88 गेंदों का सामना करते हुए शनाका ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 12 चौके और 3 गगनचुंबी छक्के देखने को मिले।



# सूर्या-ईशान को पहले ओडीआई से बाहर करने पर सोशल मीडिया पर भड़के फैंस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मैच में श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। इस मैच में टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंगर्‍्घ् का खुलासा करते हुए हर किसी को हैरान कर दिया। उन्होंने पहले वनडे मैच की प्लेइंग-11 में सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को मौका नहीं दिया। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर फैंस सोशल मीडिया पर काफी भड़के हुए नजर आ रहे है और तेजी से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है।बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग-11 में सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन को मौका नहीं दिया। सूर्य और ईशान दोनों को ही शानदार फॉर्म में होने के बावजूद रोहित ने उन्हें पहले वनडे मैच से बाहर किया। श्रीलंका के खिलाफ आखिरी टी-20 मैच में सूर्या ने महज 55 गेंदों का सामना करते हुए 112 रनों की नाबाद पारी खेली थी, वहीं ईशान का श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में कुछ खास प्रदर्शन नहीं रहा, लेकिन उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित की गैरमौजूदगी में दोहरा शतक जड़ा था। ऐसे में इन दोनों विस्फोटक बल्लेबाजों को पहले वनडे मैच से ड्रॉप करने के फैसले पर सोशल मीडिया पर फैंस भड़के हुए नजर आ रहे है।



# विराट के सामने फीका पड़ा शनाका का शतक, भारत ने पहला ओडीआई बड़े अंतर से जीता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच काफी रोमांचक रहा। इस मैच को भारतीय टीम ने 67 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया और सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने शानदार प्रदर्शन किया और मेहमान टीम को 374 रनों का टारगेट दिया। इसके जवाब में श्रीलंका टीम 8 विकेट के नुकसान पर 306 रनों पर ही ढेर हो गई। दरअसल, भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले वनडे मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा (83) और शुभमन गिल (70) ने शानदार शुरुआत करते हुए भारत को एक मजबूत पकड़ दी। इस मैच में विराट कोहली ने भी दमदार शतकीय पारी खेली। ये शतक उनके वनडे करियर का 45वां शतक रहा, वहीं अंतरराष्ट्रीय करियर का ये 73वां शतक रहा। किंग कोहली ने 87 गेंदों का सामना करते हुए 113 रनों की पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 1 छक्के शामिल रहे। 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम की शुरुआत भले ही खराब रही। जहां पहले मोहम्मद सिराज ने फर्नांडो को 5 रनों पर आउट किया। इसके बाद कुशल मेंडिस को शून्य पर क्लीन बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज पाथुम निशंका ने श्रीलंका की पारी को संभाला और मैच में 80 गेंदों पर 72 रनों की पारी खेली। उनके अलावा धनजंया डी सिल्वा ने 40 गेंदों में 47 रन बनाए। बता दें कि कप्तान दसुन शनाका ने 88 गेंदों का सामना करते हुए 108 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। ये शतक उनके वनडे करियर का दूसरा शतक रहा।



# एक बार फिर दिखा उमरान के रफ्तार का कहर, तोड़ दिया अपना ही रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गुवाहाटी ।** भारत के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने श्रीलंका के विरुद्ध पहले वनडे में 156 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर खुद का रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने श्रीलंका की पारी के 14वें और अपने दूसरे ओवर में यह गेंद फेंकी और वह भारत के सबसे तेज गेंदबाज भी बन गए। इससे पहले, उमरान ने पहले टी-20 में 155 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर जसप्रीत बुमराह का रिकार्ड तोड़ा था। बुमराह ने 153.36 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। इस सूची में 153.3 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार के साथ मोहम्मद शमी तीसरे नंबर पर हैं। अब भारत की तरफ से सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड उमरान मलिक के नाम है। इतना ही नहीं उमरान इस मैच में सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने इस मैच में 3 विकेट झटके और महत्वपूर्ण योगदान दिया। टी20 में पहले ही सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके उमरान मलिक अब वनडे क्रिकेट में भी सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इतना ही नहीं बात जब सबसे बड़े टी20 लीग आईपीएल की करें तो वहां भी उमरान मलिक सबसे आगे हैं। इससे पहले उमरान मलिक ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में 156 की स्पीड से गेंद फेंककर जसप्रीत बुमराह के रिकॉर्ड को तोड़ कर भारत की तरफ से सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज बने थे। इससे पहले यह रिकॉर्ड जसप्रीत बुमराह के नाम था, जिन्होंने 153.36 की स्पीड से गेंद फेंकी थी। बुमराह के बाद मोहम्मद शमी और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज थे जिन्होंने क्रमशः 153.3 और 152.85 की स्पीड से गेंद डाली थी।




# इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रुक को दिसंबर 2022 में जबरदस्त प्रदर्शन के लिए मंगलवार को आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ अवार्ड से नवाजा गया है। उनकी शानदार प्रदर्शन के दम पर ही इंग्लैंड ने बेन स्टोक्स की अगुवाई में पाकिस्तान को 3-0 से हराया था। ब्रुक को आईपीएल 2023 मिनी प्लेयर नीलामी के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। ब्रुक पाकिस्तान में इंग्लैंड की विजयी टेस्ट वापसी के दौरान प्रत्येक मैच में शतक बनाया, जिससे मेहमानों ने 3-0 से जीत दिला दी। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने इस सम्मान के लिए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान पहुंचने से पहले सिर्फ एक टेस्ट मैच खेलने के बावजूद, ब्रुक ने अपने आक्रामक स्ट्रोकप्ले और मारक क्षमता के साथ सीरीज में धमाकेदार बल्लेबाजी की। ब्रुक ने कहा, ठदिसंबर के लिए आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ का पुरस्कार जीतना एक सम्मान की बात है। पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज को 3-0 से जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि थी और इंग्लैंड के साथ मेरे पहले टेस्ट दौरे में बल्ले से योगदान करना एक सपने के सच होने जैसा था।ठ ब्रुक ने सम्मान प्राप्त करने पर कहा, ठमुझे अपने टीम के साथियों का शुक्रिया अदा करना है कि उन्होंने मुझे अच्छे माहौल में ढलने में मदद की। यह खेलने के लिए एक बेहतरीन टीम है, जहां हम एक-दूसरे के साथ का आनंद लेते हैं और मजे करते हैं। उम्मीद है कि हमारा फॉर्म जारी रहेगा।ठउन्होंने रावलपिंडी में जोरदार तरीके से सीरीज की शुरूआत की, पहली पारी में 19 चौके और पांच छक्के लगाते हुए 153 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 87 रनों की तेज पारी से सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान पर एक शानदार विजय प्राप्त की जा सके। उन्होंने मुल्तान में 108 और कराची में 111 रन बनाये।




# वृंदावन से लौटते ही कोहली ने जड़ दी सेंचुरी, फैंस ने दिए मजेदार रिएक्शन, मांगा आश्रम का पता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ गुवाहाटी में खेले जा रहे पहले वनडे मैच में विराट कोहली ने 1,043 दिन के इंतजार के बाद भारत की धरती पर वनडे में शतक जड़ दिया। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 87 गेंद पर 113 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 12 चौके और 1 छक्का लगाया। उनकी इस पारी के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने मजेदार रिएक्शन दिए हैं। दरअसल हाल ही में उन्होंने पूरे परिवार के साथ वृंदावन का दौरा किया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था एअब बाबा के दर्शन करने के बाद कोहली मैदान में उतरे तो उन्होंने शतक जड़ दिया, जिसको लेकर अलग-अलग फैंस मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि कोई इस बाबा का पता दो, एक दो ख्वाहिश पूरी करवानी है।एक अन्य फैंस ने केएल राहुल, रोहित शर्मा और शुभमन गिल के मीम्स शेयर करते हुए लिखा है कि इन्हें भी यहां जाना चाहिए। आपको बता दें कि आश्रम में विराट कोहली का बाबा से आशीर्वाद लेता हुआ वीडियो खूब वायरल हुआ था। दरअसल उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज से ब्रेक लिया था, लेकिन वनडे में वापसी करते ही उन्होंने नए साल का अपना पहला शतक जड़ दिया। यह उनके वनडे करियर का 45वां शतक है और वह अब द ग्रेट सचिन तेंदुलकर से केवल 4 शतक दूर हैं। फैंस को उम्मीद है विराट कोहली ने जिस धमाकेदार अंदाज में साल की शुरुआत की है, वह पूरे साल यूं ही जारी रहे है।






# राशिफल



**मेष-**:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-**:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-**:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-**:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-**:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फ़ैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-**:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-**: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-**:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-**:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-**:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-**:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।





# सम्पादकीय

## समय के साथ समर्थ होती हिंदी, इसे समृद्ध करने में अनेक विदेशी एवं प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका

भारत की विश्व में जैसे-जैसे प्रभुता बढ़ रही है, वैसे-वैसे हिंदी भी अपने महत्व को रेखांकित कर रही है। वैश्वीकरण के दौर में हिंदी भी वैश्विक हो रही है। हिंदी विश्व में अनेक विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही है। भारत में व्यापार करने वाली विश्व की अनेक बड़ी कंपनियां जनता तक पहुंचने के लिए अपने उत्पादों में हिंदी का प्रयोग कर रही हैं। हालांकि इसकी राह में कुछ चुनौतियां भी हैं, लेकिन नई शिक्षा नीति में देश की मातृभाषाओं को समृद्ध करने के लिए जो प्रविधान किए गए हैं, यदि वे प्रभावी तरीके से लागू हो पाते हैं तो निश्चित ही हिंदी और समृद्ध होगी।

यह उल्लेखनीय तथ्य है कि हिंदी को समृद्ध करने में देश के विद्वानों के साथ-साथ अनेक विदेशी एवं प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका रही है। विदेशी विद्वानों का हिंदी के प्रति अनुराग का एक लंबा इतिहास है। इसी कड़ी में वे भारतवंशी लोग भी हैं, जो गिरमिटिया मजदूर के रूप में लगभग 175 वर्ष पूर्व मारीशस, फिजी, त्रिनिदाद, गुयाना और सूरीनाम पहुंचे थे। वे लोग बहुत विद्वान तो नहीं थे, लेकिन अपने साथ रामायण, हनुमान चालीसा की पोथियां एवं आल्हा आदि ले गए थे। परिणामस्वरूप आज उन देशों में हिंदी एवं भारतीय लोक भाषाएं तुलनात्मक रूप से अधिक समृद्ध हैं। फिजी के राष्ट्रकवि पंडित कमला प्रसाद मिश्र, विवेकानंद शर्मा, मारीशस के राष्ट्रकवि ब्रिजेंद्र भगत मधुकर, सोमदत्त बखौरी, मुनीश्वर लाल चिंतामणि सहित अनेक लेखक हैं, जिन्होंने विश्व हिंदी को समृद्ध किया है। इन गिरमिटिया मजदूरों के रूप में विभिन्न देशों में हिंदी तो पहुंची ही, उसका विस्तार भी हुआ। हिंदी को लेकर शोध कार्य अनेक विदेशी विद्वान अंग्रेजी शासन की शुरुआत के समय से ही कर चुके थे।

भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने ज्यों-ज्यों अपना तंत्र स्थापित किया, त्यों-त्यों उसके सामने भाषा को लेकर अनेक समस्याएं आने लगीं, क्योंकि भारत में अनेक भाषाएं एवं बोलियां प्रचलित थीं। उस समय मुगल शासन होने के कारण फारसी एवं अरबी ही राजकाज की भाषा थी, जिसे न तो ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी समझते थे और न ही आम जनता। ऐसी स्थिति में जान गिल क्राइस्ट ने देसी भाषाओं का समन्वय कर एक ऐसी भाषा का सृजन किया, जिसे हिंदुस्तानी भाषा का नाम दिया गया। उन्होंने 'डिक्शनरी आफ इंग्लिश एंड हिंदुस्तानी' की रचना की। इस कोश में तत्कालीन प्रचलित अरबी एवं फारसी भाषा के अनेक शब्दों को स्थान दिया गया। उन्होंने 1796 में हिंदुस्तानी भाषा के व्याकरण पर भी एक पुस्तक प्रकाशित की। जान गिल क्राइस्ट का यह ग्रंथ तत्कालीन अंग्रेजों को हिंदी सिखाने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। उनकी ही तरह फ्रांस के विद्वान गार्सा द तासीं की भी विश्व में हिंदी के महत्व को रेखांकित करने में अहम भूमिका है। वह कभी भी भारत नहीं आए, लेकिन उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं भाषाओं पर उल्लेखनीय कार्य किया। उनकी फ्रेंच भाषा में लिखी गई पुस्तक 'हिंदुई और हिंदुस्तानी साहित्य का इतिहास' हिंदी साहित्य की प्रथम कड़ी मानी जाती है, जिसमें उन्होंने तुलसी, कबीर, जायसी और सूरदास सहित हिंदी और उर्दू के लगभग सात सौ से अधिक रचनाकारों का उल्लेख किया है। भारत से सात समुंदर पार बैठकर हिंदी के साहित्य के विषय में शोध करना सहज कार्य नहीं है। वह भी उस समय जब आवागमन और संचार की सुविधाएं आज की भांति नहीं थीं। यहां फ्रेडरिक पिंकाट का उल्लेख आवश्यक है। उन्हें हिंदी कविता से लगाव था। वह ब्रज भाषा में लिखते भी थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों के साथ 'हिंदी मैनुअल' का लेखन किया। इसी कड़ी में जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन का नाम लिया जा सकता है। अंग्रेज अधिकारी के रूप में भारत आए ग्रियर्सन ने हिंदी साहित्य पर तमाम शोध किए, जिसके लिए तत्कालीन अंग्रेजी सत्ता ने उन्हें 'फादर आफ लैंग्वेज आफ अवर टाइम' की उपाधि से सम्मानित किया। इसी प्रकार जापान की प्रो. तोशियो तनाका, तोमियो मिजोकामि और रूस के वारान्निकोव, डा. ल्युदमिला एवं पोलैंड के प्रो. ब्रिस्की की हिंदी को विश्व में स्थापित करने में अहम भूमिका रही। आज सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और खाड़ी सहित अनेक देशों के विद्वान लगातार हिंदी के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। आज यदि हम हिंदी को विश्व भाषा के रूप में स्थापित करने का सपना देख रहे हैं तो विदेशी हिंदी विद्वानों और प्रवासी भारतीयों के बल पर ही।



# ऑटो एक्सपो – द मोटर शो 2023 का 13 जनवरी से आगाज

नोएडा भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग की सबसे बड़ी द्विवर्षीय प्रदर्शनी - द ऑटो एक्सपो - मोटर शो 2023 का 13 से 18 जनवरी 2023 तक आयोजन होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 जनवरी 2023 को होगा। अपनी शुरुआत के बाद से ऑटो एक्सपो ने भारत में उपस्थिति स्थापित करने की कोशिश करने वाली ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए एक लॉन्चिंग पैड का काम किया है। प्रदर्शनी के इस 16वें संस्करण की थीम 'गतिशीलता की दुनिया की खोज' ('एक्स्प्लोर द वर्ल्ड ऑफ़ मोबिलिटी') है। यह थीम उद्योग की एक ज्यादा सुरक्षित, स्वच्छ, हरे-भरे और जुड़े हुए भविष्य के लिए पर्यावरण के अनुकूल दूरदर्शी सबसे अत?याधुनिक टेक्नोलॉजी के दृष्टिकोण से मेल खाती है। यह प्रदर्शनी दर्शकों को बदलते और क्रमिक रूप से विकसित होते मोबिलिटी इकोसिस्टम की समझ प्रदान करेगी और भविष्य के लिए तत्पर नए-नए तथा बेहतर समाधान पेश करेगी। सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के महानिदेशक, श्री राजेश मेनन ने मीडिया के प्रतिनिधियों को प्रदर्शनी देखने का निमंत्रण देते हुए कहा कि, ङ्खउद्योग का लक्ष्य इस साल ऑटो एक्सपो में दर्शकों को एक नया आयाम और अनुभव प्रदान करना है जिससे कि वे आसानी से पर्यावरणके अनुकूल भारतीय मोबिलिटी की दुनिया को एक?स?प?लोरङ्ग कर सकें। ऑटो एक्सपो 2023 कंपनियों को नई पीढ़ी की विद्युतीकृत तकनीकों में प्रगति प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है। यहाँ उपभोक्ता को कार्बन-अनुकूल, सुरक्षित और संयुक्त गतिशीलता के रूपांतरण के लिए ऑटो उद्योग किस प्रकार तैयार हो रहा है, इसका अनुभव प्राप्त होगा। एथनॉल पर भी विशेष फोकस होगा। आगामी ऑटो शो के बारे में पहले ही से काफी उत्तेजना और अपेक्षाओं का माहौल बना हुआ है। हमें उम्मीद है कि ऑटो प्रशंसकों के लिए अपने प्रदर्शकों के सहयोग से हम एक शानदार प्रदर्शनी आयोजित कर सकेंगे। ऑटो एक्सपो द मोटर शो 2023 में इस बार 48 वाहन विनिर्माताओं समेत 114 उद्योग हितधारकों का जमावड़ा देखने को मिलेगा। इस मोटर शो में पांच वैश्विक प्रीमियर समेत 75 से अधिक वाहनों के लॉन्च होने की उम्मीद है।मोटर शो के आगामी संस?करण में 3 एक्सक्लूसिव पैवेलियन होंगे, जिसमें एथनॉल पैवेलियन में टीवीएस मोटर, हीरो मोटोकॉर्प, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया, बजाज ऑटो, यामाहा, मोटर इंडिया, सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स जैसे टू-क?हीलर्स और फोर-क?हीलर्स वाहन निर्माताओं द्वारा फ्लेक्स फ्यूल वाहन के वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शित किया जाएगा। अन्य पैवेलियनों में सुपर कार पैवेलियन और विंटेज कार पैवेलियन शामिल हैं जिनमें बेहतरीन लग्जरी वाहनों और विंटेज कलेक्शंस का प्रदर्शन किया जाएगा।इसके अलावा, ऑटो एक्सपो 2023 में ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) यात्री वाहनों, प्योर ईवी टू और थ्री क?हीलर्स या प्योर ईवी व्यावसायिक वाहनों समेत सभी श्रेणियों में ईवी वाहनों के उत्पादन में विशेषज्ञता रखने वाले स्टार्ट-अप्स की अधिक भागीदारी देखने को मिलेगी। इस वर्ष, विभिन्न पावर ट्रेन वाहनों पर व्यापक ध्यान दिया जाएगा, जिसमें इथेनॉल, सीएनजी और एलएनजी जैसे गैसीय ईंधन, ईवी, हाईब्रिड और हाइड्रोजन समेत इलेक्ट्रिफिकेशन तकनीकें शामिल हैं और इनका प्रदर्शन उनके संबंधित पैवेलियन में किया जाएगा।यह एक्सपो दर्शकों और ऑटोमोबाइल के दीवानों के लिए 13 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक खुला रहेगा, जिसका समय सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक है। 13 जनवरी विशेष रूप से केवल व्यवसाय के लिए होगा, जिसके बाद 14 जनवरी से 18 जनवरी तक आम लोग प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं।एक्सपो में प्रवेश के लिए टिकट की दर प्रति व्यक्ति 350/- से 750/- रुपये तक है। 750/- रुपये प्रति व्यक्ति का टिकट केवल व्यवसाय विशिष्ट दिवस (13 जनवरी 2023) के लिए है, जिसके बाद सप्ताहांत के लिए टिकट की कीमत 475/- रुपये रखी गई है। ऑटो एक्सपो-द मोटर शो 2023 के लिए टिकट ख़ासतौर से आईइएमएल-ग्रेटर नोएडा के टिकट काउंटर तथा दिल्ली एनसीआर में कुछ मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध हैं। मेट्रो - एक?वा लाइन, नॉलेज पार्क स्टेशन से सीधे ऑटो एक्सपो स्थल सड़क के आर-पार प्रदर्शनी के लिए आसान पहुंच प्रदान करेगा।ऑटो एक्सपो - द मोटर शो 2023 कुल 2,35,000 वर्गमीटर में फैला होगा, जिसमें कुल 64,000 वर्गमीटर के भीतर निर्मित क्षेत्र में प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियां अपना प्रदर्शन करेंगी।एक्सपो स्थल पर विविध प्रकार के फ़ूड ब्रांड्स उपलब्ध होंगे, जिनसे आगुन्तकों को अनेक विकल्पों से अपनी स?वादेन्द्रियों को तृप्त करने का अवसर मिलेगा। हल्दीराम, केवेन्टर्स, चाय पॉइंट, चाट ऐंड चाय, दरियागंज, बरिस्ता, किंगडम ऑफ़ मोमोज, डोमिनोज पिज्जा, कोस्टा कॉफ़ी, वांगो आदि कुछ उल्लेखनीय नाम हैं।ऑटोमोटिव कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरर्स असोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एसीएमए) और कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के सहयोग से सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स द्वारा आयोजित, द मोटर शो 2023 इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ग्लोबल ऑटो शो की हैसियत बहाल रखेगा।एसआईएएम के विषय मेंसोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) शीर्ष राष्ट्रीय संगठन है जो भारत में प्रमुख वाहन और वाहन इंजन विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है। ऑटोमोबाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एसआईएएम दो वर्षों पर ङ्खऑटो एक्सपो - द मोटर शोङ्ग का आयोजन करता है जो इसके परोपकारी उद्देश्यों के संवर्धन में मदद करता है। एसआईएएम इस दृष्टिकोण के साथ भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के स?थायी विकास के समर्थन की दिशा में काम करता है कि भारत ऑटोमोबाइल्स की डिजाइन और विनिर्माण के लिए विश्व में पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर सके। यह भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि, वाहनों की लागत में कमी, उत्पादकता में बढ़ोतरी और गुणवत्ता के वैश्विक मानकों की उपलब्धता की दिशा में सक्रिय है। एसआईएएम भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग को एक विंडो मुहैया करता है और ऑटोमोबाइल्स से सम्बंधित आर्थिक एवं वाणिज्यिक नीतियों, तकनीकी विनियमों तथा मानदंडों के निर्माण में हितधारकों के साथ मिलकर काम करता है। यह भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग की ओर से हितधारकों को आर्थिक एवं सांख्यिकीय जानकारी और तकनीकी एवं लोक नीति सेवाएं प्रदान करता है। यह मासिक वास्तु मूल्य मॉनिटर और अन्य सावधिक रिपोर्ट्स प्रकाशित करता है तथा विषयगत प्रासंगिकता एवं उद्योग के हितों के विषयों पर सेमिनारों और वर्कशॉप्स का आयोजन करता है।




# बनभूलपुरा के साथ खोरी भी याद रहे

दिल्ली से सटा है फरीदाबाद, जो अरावली वन क्षेत्र से लगा हुआ है। इस वन क्षेत्र में अरावली पहाड़ियों की तलहटी पर बसा था एक गांव खोरी। यह पिछली सदी के नौवें दशक में बसना शुरू हुआ था। धीरे-धीरे इस गांव ने वन क्षेत्र की करीब 80 एकड़ जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। यह गांव कितना बड़ा था, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि यहां कई उपासना स्थल और स्कूल थे। जिनकी दिलचस्पी इसमें हो कि किस समुदाय के कितने उपासना स्थल थे, वे यह जान लें कि यहां 23 मंदिर, 12 मस्जिद और एक चर्च था। यह विवरण इसलिए, क्योंकि हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में रेल पटरियों के किनारे अवैध तरीके से बसाई गईं बस्तियों को खाली कराने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर ऐसा कहने वालों की कमी नहीं कि इन बस्तियों को हटाने की तैयारी इसलिए की गई, क्योंकि यहां रहने वाले अधिकतर मुस्लिम हैं। ऐसा कहने वालों में कई ऐसे भी हैं, जिन्हें सदैव यह शिकायत रहती है कि हर बात में हिंदू-मुस्लिम क्यों किया जाता है? हां, तो बात हो रही थी खोरी गांव की। इस गांव में करीब दस हजार घर-फ्लैट थे, जिनमें एक लाख से अधिक लोग रह रहे थे। कुछ पर्यावरणप्रेमी वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की मांग के साथ सुप्रीम कोर्ट गए। उसने अप्रैल 2020 में अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया, लेकिन हरियाणा सरकार ने इस आदेश का पालन न करने में ही भलाई समझी। शायद इसलिए, क्योंकि इस गांव के अवैध तरीके से बसने में भू-माफिया के अतिरिक्त विभिन्न सरकारी विभागों का भी योगदान था। इसी कारण इस गांव में बिजली उपलब्ध थी और नगर निकाय टैक्स भी वसूलता था। अंततः सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया और जून 2021 में छह सप्ताह के अंदर अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया। कोई और उपाय न देखकर फरीदाबाद प्रशासन खोरी गांव खाली कराने के लिए तैयार हुआ। यह आसान काम नहीं था, क्योंकि लोग धरना-प्रदर्शन पर आमादा थे। इसके बाद भी कोई युक्ति काम नहीं आई, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का साफ कहना था कि जंगल की जमीन पर अवैध कब्जा किसी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता और उसे खाली ही करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की कड़ाई देखकर फरीदाबाद प्रशासन ने पुलिस तैनात की, बिजली-पानी की आपूर्ति ठप की और फिर बुलडोजर चलाने शुरू किए। कुछ ही दिनों में हजारों लोगों के आशियाने ध्वस्त हो गए और उनकी गाढ़ी कमाई और अपने घर का सपना मिट्टी में मिल गया। लोगों को बेदखल करने की कार्रवाई तब हुई, जब कोविड महामारी का खौफ कायम था। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने गांव वालों की यह मांग ठुकरा दी थी कि उन्हें उजाड़ने के पहले उनके रहने की व्यवस्था की जाए, इसलिए उन्हें अपना आशियाना छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों के पुनर्वास को लेकर फरीदबाद नगर निगम को यह आदेश दिया कि योग्य लोगों को पुनर्वास योजना में शामिल किया जाए। यह योजना आ चुकी है, लेकिन उसके इस वर्ष अप्रैल तक पूरा होने की आशा है। खोरी में हरियाणा के अतिरिक्त अन्य राज्यों के लोगों ने भी अपना घर बनाया था, लेकिन हरियाणा सरकार का कहना था कि वह केवल उन्हीं को घर उपलब्ध कराएगी, जो राज्य के मतदाता हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसी कई शर्तें लगा दी थीं, जिससे सभी का पुनर्वास संभव नहीं था। भले ही आज खोरी खबरों से बाहर हो और वहां से बेघर हुए लोगों की सुध न ली जा रही हो, लेकिन एक समय यह गांव समाचारों के केंद्र में था। खोरी से उजाड़े जाने वाले लोगों के प्रति सहानुभूति जताने वालों में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के विशेषज्ञ भी थे। इस मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के विशेषज्ञों के कूदने का कारण यह था, क्योंकि मजदूर आवास संघर्ष समिति के साथ इंटरनेशनल अलायंस आफ इनहैबिटेंट्स ने खोरी के लोगों को बेदखल करने की शिकायत इस संस्था से की थी। भारत सरकार ने इस संस्था के विशेषज्ञों को आईना दिखाते हुए उन्हें अपनी हद में रहने को कहा। खोरी गांव का वृत्तांत बताना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि हल्द्वानी के बनभूलपुरा मामले में सस्ती राजनीति हो रही है। इस सस्ती राजनीति का एक बड़ा कारण यह है कि जिन लोगों को रेलवे की जमीन से हटाया जाना है, उनमें से ज्यादातर मुस्लिम हैं। प्रश्न है कि अतिक्रमण के विरुद्ध कोई कार्रवाई इस आधार पर होगी क्या कि वहां रहने वाले किस समुदाय के हैं? साफ है कि जिन लोगों ने हल्द्वानी अतिक्रमण मामले में हिंदू-मुस्लिम एंगल खोज निकाला, उन्हें धिक्कार। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना सही था कि एक सप्ताह में 50 हजार लोगों को नहीं हटाया जा सकता, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पहली बार नवंबर 2016 में दस हफ्ते के अंदर हल्द्वानी से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। उसने पिछले महीने के आदेश में केवल एक सप्ताह का समय दिया। इसी समय पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रश्न खड़ा किया। इसके साथ ही उसने उत्तराखंड सरकार से यह पूछा कि आपने लोगों के पुनर्वास के लिए क्या किया? यह स्वाभाविक प्रश्न है, लेकिन यह खोरी में नहीं पूछा गया था। सुप्रीम कोर्ट का अंतिम निष्कर्ष कुछ भी हो, लेकिन जंगल और रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण के एक जैसे मामले में अलग-अलग निर्णय नहीं होने चाहिए। अतिक्रमण हटाने के मामले में मानवीय पहलुओं का ध्यान अवश्य रखा जाए, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिए, जिससे अवैध कब्जों को बल मिले या फिर एक देश दो विधान वाली अनुभूति हो।



# बीमारी का गलत उपचार करती कांग्रेस, भारत जोड़ो यात्रा से वापस हासिल नहीं होने वाला खोया जन समर्थन

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पंजाब पहुंच चुकी है और अब केवल जम्मू-कश्मीर ही शेष है। एक तरह से यह यात्रा समापन की ओर बढ़ रही है, लेकिन यह कहना कठिन है कि उसने हासिल क्या किया है? आम धारणा है कि अपनी गंवाई सियासी जमीन को हासिल करने के लिए ही पार्टी के नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' लेकर निकले हैं। प्रतीत होता है कि यात्रा लेकर निकालने से पहले न तो कांग्रेस ने और न ही राहुल ने वस्तुस्थिति का सही आकलन किया। सीधी भाषा में कहें तो उन्होंने बीमारी की सही पड़ताल किए बिना ही यात्रा के रूप में उसका गलत उपचार तलाश लिया है।

यह यात्रा कई कारणों से विवादों में भी रही। विवाद के केंद्र में राहुल गांधी के बयान अधिक रहे। इस बीच दो राज्यों में विधानसभा चुनाव और दिल्ली में नगर निगम के चुनाव भी निपट गए, जिनमें गुजरात और दिल्ली में तो कांग्रेस का सफाया हो गया। हिमाचल में मिली सत्ता में भी कांग्रेस की मेहनत कम और भाजपा की आंतरिक गुटबाजी की अहम भूमिका रही। गुटबंदी हिमाचल कांग्रेस में भी कम नहीं है और जिस प्रकार कांग्रेस आलाकमान का इकबाल घट रहा है, उसे देखते हुए हिमाचल में भी कांग्रेस सरकार में खींचतान के बेलगाम होने की अटकलें शुरू हो गई हैं। पहले शीर्ष नेताओं की लोकप्रियता से जो वोट मिलते थे, उससे ऐसी गुटबंदी आसानी से दबा दी जाती थी, लेकिन अब वह बात नहीं रही।1984 में लोकसभा की 404 सीटें हासिल करने वाली कांग्रेस 2019 के चुनाव में केवल 53 सीटों पर सिमटकर रह गई तो इसके क्या कारण रहे। क्या कांग्रेस की राजनीतिक दुर्गति इसी कारण हुई कि अतीत में उसके किसी नेता ने 'भारत जोड़ो यात्रा' नहीं की? आखिर क्यों आज कांग्रेस अस्तित्व के संकट से जूझ रही है? उसे इन सवालों के जवाब तलाशने होंगे। यह इसलिए और महत्वपूर्ण है, क्योंकि कांग्रेस का अब एक ऐसे नेता से मुकाबला है, जिसने अपनी लोकप्रियता और पार्टी संगठन की क्षमता के बल पर लगातार दो बार लोकसभा चुनाव में बहुमत पाया। ऐसी चुनावी उपलब्धि आजादी के बाद किसी अन्य प्रधानमंत्री को नहीं मिली। जवाहरलाल नेहरू यदि लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने तो उनकी और पार्टी की उस उपलब्धि के पीछे राज्यों के कांग्रेसी क्षत्रपों की शक्ति भी होती थी। वे अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे और खासे लोकप्रिय भी रहे। वे सिर्फ नेहरू पर निर्भर नहीं थे। हालांकि नेहरू की लोकप्रियता पूरे देश में थी। दोनों एक दूसरे को अपने समर्थन की ताकत का लाभ पहुंचाते थे। इस पृष्ठभूमि में नरेन्द्र मोदी की निजी लोकप्रियता और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी उपलब्धियां देखें तो कांग्रेस के लिए उनका मुकाबला असंभव होता जा रहा है। दूसरी ओर, कांग्रेस न तो अपनी अवनति के असली कारणों की पहचान कर रही है और न ही उन्हें दूर करने के कोई ठोस उपाय। कांग्रेस की यह दुर्दशा एक दिन में नहीं हुई है। उसकी लोकप्रियता घटने की शुरुआत राजीव गांधी के दौर के बेहद चर्चित बोफोर्स घोटाले से हो गई थी। सोनिया गांधी-राहुल गांधी के नेतृत्व में गलत निर्णयों के चलते कांग्रेस ऐसी स्थिति में पहुंचा दी गई, जहां से उसका उबरना असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है। इस अवनति के लिए कोई और नहीं, बल्कि कांग्रेस के नीति निर्धारक ही अधिक जिम्मेदार हैं। इसी के चलते 1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें 404 से घटकर 197 रह गईं। उसके बाद 1991 के चुनाव के दौरान राजीव गांधी की हत्या हो गई। उस हत्या की वजह से उपजी सहानुभूति के कारण कांग्रेस की सीटें बढ़कर 232 हो गईं। हालांकि फिर भी वह बहुमत से दूर ही रही। वह गठबंधन के दम पर 2004 में सत्ता में आई तो भी उसने भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया। उलटे उसे और बढ़ाया। ऐसे में, भ्रष्टाचार के प्रति अपने रुख-रवैये में परिवर्तन किए बिना कांग्रेस जनता का विश्वास दोबारा कैसे प्राप्त कर सकती है? 1990 में जब मंडल आरक्षण आया तो राजीव गांधी ने उस संवेदनशील मुद्दे पर ऐसा उलझाऊ बयान दिया, जिससे पिछड़े वर्ग को लगा कि कांग्रेस उनके साथ नहीं है। इससे भी कांग्रेस का जनसमर्थन कुछ और घटा। ऐसा जनसमर्थन किसी भारत जोड़ो यात्रा या किसी अन्य राजनीतिक कसरत से वापस हासिल होने वाला नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि मनमोहन सिंह सरकार सोनिया गांधी के निर्देशन में चल रही थी। उस कालावधि में दो ऐसी बातें हुईं, जिसने कांग्रेस की रही-सही लुटिया भी डुबो दी। एक तो उस सरकार में तमाम भीमकाय घोटाले हुए और दूसरे मनमोहन सिंह ने 2006 में सार्वजनिक रूप से यह कह दिया कि 'देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों (संकेत मुसलमानों को समझिए) का होना चाहिए।' मनमोहन सरकार के दौरान तमाम ऐसे और बयान भी आए, जिससे समाज में जितना ध्रुवीकरण हुआ, कांग्रेस उतनी ही कमजोर होती गई।

2014 के लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक पराजय के बाद सोनिया गांधी ने एक कमेटी बनाई। एके एंटनी उसके मुखिया थे। उनसे कहा गया कि वह हार के कारणों का पता लगाएं। पड़ताल में एंटनी ने अन्य बातों के साथ यह भी कहा कि मतदाताओं को लगा कि कांग्रेस का अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों की ओर कुछ अधिक ही झुकाव है। हालांकि बाद की घटनाओं से यही लगा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने एंटनी रिपोर्ट से कुछ नहीं सीखा। दरअसल, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में कुछ नया सोचने की क्षमता ही नहीं दिखती। जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### अल-जवाहिरी के बाद कौन होगा अल कायदा का चीफ असमंजस में आतंकी संगठन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने अल कायदा चीफ अयमान अल-जवाहिरी को अफगानिस्तान के काबुल में एक ड्रोन हमले में मार गिराने का दावा किया था। अमेरिका के खुफिया अधिकारी का कहना है कि अल-जवाहिरी के उत्तराधिकारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। वॉशिंगटन इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में यूएस नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक क्रिस्टीन अबिजैद ने एक सवाल के जवाब में कहा, ठअल कायदा के पास खुद इसका जवाब नहीं है कि जवाहिरी के बाद उत्तराधिकारी कौन होगा।ठ यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज (ईएफएसएएस) की रिपोर्ट के अनुसार, 9/11 के आतंकी हमले के साजिशकर्ता अल जवाहिरी के पाकिस्तान में रहने की सूचना मिली थी। तब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा नहीं किया था। अंदेशा था कि वो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संरक्षण में था।जवाहिरी की मौत के बाद सैफ अल-अदेल का नाम अल कायदा के उत्तराधिकारी के तौर पर सबसे आगे है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने सैफ अल-अदेल की सूचना देने पर 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनाम की घोषणा की है।

# युवाओं से रूबरू हुए रामनिवास उरमलिया बराखुर्द में हुआ युवा संवाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** ग्राम पंचायत बराखुर्द की सरपंच श्रीमती मुन्नीबाई साकेत के आयोजन एवं गोलू शुक्ला तथा बबलू साकेत के संयोजन में बराखुर्द में युवा संवाद का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं क्षेत्रीय जन कल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामनिवास उरमलिया रहे ।ग्राम प्रवेश पर युवाओं ने श्री उरमलिया की बैण्डबाजे के साथ भव्य आगवानी की तथा जुलूस की शक्ल में नाचते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे ।इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में युवाओं ने रामनिवास उरमलिया यूथ ब्रिगेड की सदस्यता भी ग्रहण की ।उपस्थित क्षेत्रीय युवाओं ने युवा अस्तित्व को लेकर श्री उरमलिया से एक-एक करके दर्जनभर सवाल किए जिनका बेबाकी के साथ श्री उरमलिया ने जवाब दिया। अपने सवालों का संतोषजनक जवाब सुनकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि राजनीति कर रहे कतिपय स्वार्थी तत्वों की कुटिल नीति के कारण युवाओं को भटकाया गया तथा शोषण किया गया लेकिन उचित मार्गदर्शन के अभाव तथा रोजी-रोटी रोजगार और सम्मान पाने के लिए अभी भी युवा वर्ग को उचित मुकाम हासिल नहीं हो पाया लिहाजा युवा दिशाहीन हो रहा है जो चिंता का विषय है ।आपने आगे कहा कि युवा शक्ति को राजनीति में अपना वर्चस्व और जज्बा कायम करने की




जरूरत है तभी स्वच्छ राजनीति संभव है वरना भ्रष्ट और स्वार्थी नेताओं का रवैया युवा और समाज को गर्त में धकेल रहा है जिससे युवाओं को सावधान रहने की जरूरत है। श्री उरमलिया ने मैहर क्षेत्र में स्थापित सीमेंट फैक्ट्रियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सत्ता का संरक्षण प्राप्त ये सीमेंट कारखाने मैहर के लोगों को रोजगार देने की बजाय अन्य प्रदेशों के व्यक्तियों को रोजगार दे रहे हैं। इसके अलावा किसानों की जमीन पर अनाधिकार दबाव बनाकर अपना कारोबार स्थापित कर रहे हैं। यहां का बेरोजगार नौजवान रोजगार के लिए भटक रहा है उन्होंने उपस्थित युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अपने हक की लड़ाई के लिए स्वयं आगे आना होगा और अधिकार छीनना होगा। आगामी 13 जनवरी को होने जा रही महापंचायत का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा यह लड़ाई मैं अपने लिए नहीं लड़ रहा हूं बल्कि आप सभी के शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ शंखनाद है जिसमें आप सभी की भागीदारी आवश्यक है।जिला सचिव कांग्रेस कमेटी सतना एवं पूर्व सरपंच दिनेश प्रसाद मिश्र ,सरपंच प्रतिनिधि बंसीलाल साकेत ,पूर्व जनपद सदस्य मुन्नालाल दाहिया ,डॉ. सूर्यभान कुशवाहा , युवा नेता सचिन द्विबेदीआदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राजाराम मिश्र, फुलमतिया प्रजापति जनपद सदस्य,नरेश गर्ग मैहर, मुन्नालाल कोल पूर्व जनपद सदस्य, चंद्रभान सिंह मंडल अध्यक्ष, शिवमंगल सिंह सरपंच जोबा,बृजेश तिवारी मुंशी जी, अरुण शुक्ला भदनपुर ,युवा नेता पराग द्विवेदी, रामनिवास उरमलिया यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष प्रमोद सोनकर, मेवा लाल द्विवेदी ,बद्री सिंह,सुरेश पाण्डेय हिनौता,सुनील गौतम शिवाकांत गौतम सुभाष पांडे गौरैया,लक्ष्मी तिवारी मेवा लाल द्विवेदी जोबा,यार मोहम्मद, रामबहोर तिवारी बरकुला , मोतीलाल सिंह, छोटेलाल पांडे, प्रहलाद शुक्ला, रामदेव साकेत, पिंटू शुक्ला, त्रिवेणी मिश्रा, सुखई साकेत, चतुरी कोल ,गुड्डू सिंह, रामेश्वर कुशवाहा ,शिवम अग्रवाल, बबलू ताम्रकार ,रामनाथ कुशवाहा , हरिओम गुप्ता ,सूरजदीन साकेत, राजेश गुप्ता ,सिल्लू बर्मन, शिवम विश्वकर्मा, जमुना प्रसाद शुक्ला सहित सैकड़ों की तादाद में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# सरकार बताए अमृतकाल के दौर में भारतीय बड़ी संख्या में क्यों छोड़ रहे अपनी नागरिकता: कांग्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश की आजादी के अमृतकाल के दौर में पिछले कुछ सालों से भारतीयों के अपनी नागरिकता छोड़ने की लगातार बढ़ रही संख्या को लेकर सरकार पर सवाल दागते हुए कांग्रेस ने पूछा है कि ऐसी क्या वजह है कि उच्च आय वर्ग वाले लोग देश छोड़ विदेशों में बस रहे हैं। पार्टी के अनुसार अकेले 2022 के जनवरी से अक्टूबर के 10 महीने में नागरिकता छोड़ने वालों की सबसे अधिक संख्या एक चिंताजनक पैटर्न की ओर संकेत कर रही ह कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लभ ने इस मुद्दों पर प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों में नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की औसत संख्या प्रतिदिन 1.7 गुना हो गई है और विदेश मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि रोजाना 600 से ज्यादा भारतीय अपनी नागरिकता छोड़ रहे हैं। इसका सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नागरिकता छोड़ने वाले लोगों में ज्यादातर उच्च आमदनी (हाई-नेट-वर्थ) वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि



अर्थव्यवस्था में ठहराव, गरीबी बढ़ने से लेकर हंगर इंडेक्स और प्रेस फ्रीडम इंडेक्स जैसे मानकों पर भारत की वैश्विक रैंकिंग में लगातार आ रही गिरावट के मद्देनजर ऐसा होना तय है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सीएमआईई के अनुसार, 2022 के दौरान बेरोजगारी दर लगातार सात-आठ फीसद के बीच रही जो बहुत अधिक है। जबकि अर्थव्यवस्था अब भी नोटबंदी के झटकों और जीएसटी के त्रुटिपूर्ण कार्यान्वयन के कारण पटरी पर नहीं आयी है। सकल घरेलू उत्पाद की दर वर्ष 2017 के 8.3 फीसद से घटकर 2020 में 3.7 फीसद रह गई। जीडीपी विकास दर भी संतोषजनक स्तर पर नहीं पहुंच पाया है और इस दौरान भारत में गरीबी रेखा के नीचे जाने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। वैश्विक हंगर इंडेक्स में 121 देशों में भारत 107वें स्थान पर है जो पिछले वर्ष के 101वें स्थान से भी नीचे है। वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स ने अपनी 2022 की रिपोर्ट में भारत को 180 देशों में 150वें स्थान पर रखते हुए भारत को मीडिया के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक बताया है। बल्लभ ने कहा कि इन परिस्थितियों को देखते हुए उच्च आय वर्ग वाले लोगों का विदेश पलायन अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता है और इसलिए हमारा सरकार से सवाल है कि वह बताए कि आखिर इतने लोग रोजाना अपनी नागरिकता क्यों छोड़ रहे हैं और भारतीयों के लिए अच्छे दिन भारत में कब आएंगे

# पूर्वोत्तर में भाजपा के सामने क्षेत्रीय दलों का रहेगा दबदबा पार्टी ने बढ़ाया अपना फोकस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों नागालैंड, मेघालय एवं त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में भाजपा और कांग्रेस समेत सभी पार्टियां तैयारी में जुटी हैं। तीनों राज्यों में भाजपा और वामदलों के



सामने क्षेत्रीय दलों का दबदबा रहने वाला है। तीनों में 60-60 सीटें हैं। त्रिपुरा में भाजपा की सरकार है। अन्य दो राज्यों में वह सरकार की भागीदार है। त्रिपुरा में कांग्रेस के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) गठबंधन की दिशा में बढ़ रही है, लेकिन सत्तारूढ़ एनडीए को एक नए क्षेत्रीय दल से चुनौती मिलती दिख रही है। मेघालय में तृणमूल कांग्रेस सक्रिय है। तृणमूल और मेघालय में सरकार चला रही नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त है, लेकिन भाजपा, कांग्रेस एवं वामदलों के सामने इनकी पहचान अभी भी क्षेत्रीय जैसी ही है। केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद से पूर्वोत्तर के राज्यों पर भाजपा का फोकस बढ़ा है। विकास के साथ पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां हैं। कांग्रेस अपनी पुरानी प्रतिष्ठा की वापसी के लिए प्रयासरत है। मेघालय में तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी एकता के प्रयासों को आईना दिखाते हुए सबसे पहले प्रत्याशियों की सूची जारी कर कांग्रेस को दूसरा झटका दिया है। अभी 52 प्रत्याशी उतारे हैं। दूसरी सूची भी जल्द जारी करेगी। मेघालय में कांग्रेस की अच्छी पकड़ मानी जाती है। पिछले चुनाव में कांग्रेस 28.5 प्रतिशत वोट एवं 21 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन सरकार बनाने में सफल नहीं हो सकी थी। बाद में तृणमूल ने उसके 11 विधायकों को तोड़ लिया।

# बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पारित प्रस्ताव का हिस्सा हो सकता है जी-20 तैयारियों को दिया जाएगा अंतिम रूप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सोमवार और मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भारत की जी-20 की अध्यक्षता पर विशेष प्रस्ताव पारित हो सकता है। इस प्रस्ताव के सहारे भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को जी-20 की बैठकों को जनता से जोड़ने के लिए जनआंदोलन बनाने का संदेश दे सकती है। इसके अलावा एक आर्थिक और राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किये जाएंगे। मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई महासचिवों की बैठक में कार्यकारिणी की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गय इभाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के लिए तीन प्रस्ताव किये जा रहे हैं। इनमें दो प्रस्ताव राजनीतिक और आर्थिक नीतियों को लेकर होंगे। तीसरा प्रस्ताव विदेश नीति को लेकर



होगा, जिसमें भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता अहम होगा। एक वरिष्ठ महासचिव ने कहा कि जी-20 भले ही क्रमिक रूप से मिला हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे जन भागीदारी का कार्यक्रम बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री के इसी विजन को देखत हुए भाजपा ने जी-20 को अपने प्रस्ताव का हिस्सा बनाने का फैसला किया है। भाजपा एक पार्टी के रूप में हिस्सा नहीं लेगी, क्योंकि यह पूरे देश का कार्यक्रम है, लेकिन अपने कार्यकर्ताओं को समाज के एक अंग रूप में जी-20 की बैठकों के दौरान जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम बनाने के लिए कहेगी। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान देश के 60 शहरों में 200 बैठकों का आयोजन किया जाना है। वहीं राजनीतिक प्रस्ताव में गुजरात चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत का विशेष उल्लेख होगा और लगातार सातवीं बार मिली जीत को पार्टी के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया जाएगा। इसके अलावा, देश के मौजूदा राजनीतिक हालात भी प्रस्ताव का हिस्सा हो सकता है। वहीं, आर्थिक प्रस्ताव में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जगह मिलेगी। साथ ही, कोरोना संकट और यूक्रेन संकट के बावजूद भारत की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था बनाने के लिए आर्थिक नीतियों की भी रेखांकित किया जा सकता है दिन भर चली महासचिवों की बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अलावा अभी तक नहीं जीते गए 160 लोकसभा सीटों पर की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

# शिवम मावी का भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल होना उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम में डेब्यू करने वाले नोएडा के खिलाड़ी शिवम मावी का स्वागत शहर में जोरदार तरीके से किया जा रहा है। सेक्टर 52 में स्थित मावी के घर पर बधाई देने के लिए



समाजसेवी संस्था, राजनीतिक दल रिश्तेदारों, प्रशिक्षकों और शुभचिंतक पहुंच रहे हैं। इस उपलक्ष में मंगलवार की सुबह उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र सिंह तोमर, शिवम मावी को बधाई देने उनके घर पहुंचे। आपको बता दें कि शिवम मावी ने अपने पहले टी20 इंटरनेशनल डेब्यू सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ गेंदबाजी, बल्लेबाजी के साथ-साथ फील्डिंग से हर खेल प्रेमियों को प्रभावित किया है। ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि टीम इंडिया में अपनी जगह और पहचान बनाकर देश, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ माता पिता की शान बढ़ाई है। शिवम मावी का भारतीय टीम में चयन होने के बाद उत्तर प्रदेश का हर एक खिलाड़ी गर्व महसूस कर रहा है। मावी ने विपरीत स्थितियों में अपने आप को स्थापित किया है। यह खिलाड़ी आने वाले दिनों में टीम इंडिया का बड़ा खिलाड़ी बनकर उभरेगा। मावी नए बच्चों के लिए रोल मोडल बनेगा। नोएडा के शिवम मावी ने 2018 में भारतीय टीम को अंडर 19 वर्ल्ड कप दिलाने में अहम रोल अदा किया था। उसके बाद आईपीएल में केकेआर टीम के साथ जुड़े। केकेआर के लिए खेलते हुए उन्होंने कई दिग्गजों को आउट किया है। इस बार के 2023 छ्ध्र् में शिवम मावी पर गुजरात टाइटंस ने 6 करोड़ रुपए की बोली लगाकर खरीदा है। मुंबई में खेले गए पहले टी 20 में सिर्फ 22 रन देते हुए चार विकेट झटके। अगले मैच में महंगे साबित हुए तो बल्ले से योगदान दिया। विपरित हालातों में 15 गेंद में ताबड़तोड़ 26 रन कूटे। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए आखिरी मैच में बैटिंग बोलिंग के मौके नहीं मिला, तो बाउंड्री पर शानदार कैच पकड़ा। खास बात यह है कि मावी नई गेंद के अलावा पुरानी गेंद से भी बॉलिंग करने का माद्दा रखते हैं। पिछले कुछ समय से मावी को घरेलू क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन करने की बदौलत यह मुकाम हासिल किया है। इस दौरान पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, जिला उपाध्यक्ष सुनील भाटी, खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन रीना भाटी, समाजसेवी अशोक श्रीवास्तव, श्यामवीर चौधरी, गजेंद्र मावी, निरंजन बंसल, सुनील नागर, ओम यादव, लोकेश यादव, रिंकू नंबरदार, संजीव भाटी, रजनीश, अर्पित भाटी, चमन अवाना, गोपाल गौड़, इन्द्रराज खटाना, योगेश भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीन सूत्रीय रोडमैप से होगी देश की ऊर्जा सुरक्षा, 2040 तक पर्यावरण अनुकूल ईंधन का निर्यातक देश बन सकता है भारत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** यूक्रेन-रूस युद्ध ने जिस तरह से वैश्विक ईंधन बाजार में भारी उथल पुथल मचाया है और कई देशों में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है उससे सबक सीखते हुए



भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा नीति को मजबूत कर रही है। देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार चार सूत्रीय रोडमैप पर काम कर रही है जिसकी जानकारी पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को दी। इस रोडमैप के तहत ज्यादा से ज्यादा देशों से क्रूड की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही वर्ष 2040 तक हरित ईंधन मार्केट में भारत को एक वाश्विक हब के तौर पर स्थापित करने का उद्देश्य रखा गया है। वैसे इस रोडमैप के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से नहीं बताया गया है लेकिन इसके लागू होने से अपनी जरूरत के लिए आयातित ईंधन पर निर्भर भारत वर्ष 2040 तक पर्यावरण अनुकूल ईंधन का निर्यातक देश बन सकता है। पुरी ने बताया कि 'दुनिया वर्ष 1973 के बाद से सबसे बड़े ऊर्जा संकट से गुजर रहा है लेकिन भारत पर खास असर नहीं हुआ है। भारत की रणनीति का एक अहम हिस्सा ज्यादा से ज्यादा देशों से कच्चे तेल की खरीद करना है। वर्ष 2006-07 में भारत 27 देशों से कच्चे तेल की खरीद करता है जबकि वर्ष 2021-22 में 39 देशों से इसकी खरीद कर रहा है। आज की तारीख में भारत कोलंबिया, रूस, लीबिया, गैबोन, इक्वोटोरिएल गिनिया जैसे देशों से कच्चे तेल की खरीद रहा है।' उन्होंने कहा, 'इस वजह से दिसंबर, 2021 से दिसंबर, 2022 के दौरान भारत में डीजल की कीमतों में सिर्फ तीन रुपये प्रति लीटर का इजाफा हुआ है जबकि अमेरिका में 34 फीसद, कनाडा में 36 फीसद, स्पेन में 25 फीसद और बिर्टेन में 10 फीसद महंगा हुआ है। नवंबर, 2021 और मई, 2022 में दो बार उत्पाद शुल्कों में कटौती की गई और कई राज्यों ने भी वैट की दरों को घटाया जिसकी वजह से जनता पर ज्यादा बोझ नहीं पड़ा। घरेलू स्तर पर क्रूड उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने वर्ष 2030 तक 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कच्चे तेल की खोज व उत्खनन शुरू करने का लक्ष्य रखा है।' बताते चलें कि भारत अपनी जरूरत का 86-87 फीसद कच्चा तेल आयात करता है। घरेलू स्तर पर क्रूड उत्पादन बढ़ाने की सरकार की पिछले एक दशक की कोशिशों का अभी तक कोई खास असर नहीं दिखा है।सरकार की रोडमैप में देश की पूरी इकोनोमी में गैस पर निर्भरता को बढ़ाना भी शामिल है। अभी देश की इकोनोमी का तकरीबन 6 फीसद गैस पर निर्भर है जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ा कर 15 फीसद किया जाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने में देश में एथनोल व दूसरे बायोगैस के उत्पादन को तेज करना एक अहम कड़ी होगी। पुरी ने बताया कि वर्ष 2025-26 से देश में 20 फीसद एथनोल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री शुरू हो जाएगी, वैसे इसका लक्ष्य पहले वर्ष 2030 तक तय किया गया था। वर्ष 2025-26 के बाद सरकार एथनोल मिश्रण को क्रमबद्ध तरीके से बढ़ा कर 50 फीसद तक करने के विकल्प का अध्ययन कर रही है। इस बारे में हाल ही में विभिन्न मंत्रालयों और आटोमोबाइल उद्योग के साथ बातचीत भी हुई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय शूटर पूनम पंडित का जन्मदिन मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 12 खान पहलवान निवास स्थान पर अंतरराष्ट्रीय शूटर, किसान नेता वा कांग्रेस नेत्री बहन पूनम पंडित जी का जन्म दिवस मनाया गया जरूरत मंद



लोगो को कंबल वितरण करके और बहन पूनम पंडित को फूल माला व शाल भेंट करके जन्म दिवस मनाया कार्यक्रम का आयोजन गौतम बुध नगर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला चेयरमेन जावेद खान के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य रूप से जावेद खान ,पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश अवाना ,राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा, पूर्व सचिव राम गुप्ता, जिशान चौधरी बबली भाई,गुलाब पहलवान अब्दुल पहलवान खान पहलवान कोमल शेखर,मनीष, गुलशन,राजा,मौजूद रहे।

# देहात क्षेत्र मंगरौरा पावर हाउस की बिजली कटौती से किसान हो रहे परेशान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** नादन देहात क्षेत्र के मंगरौरा फिटर पावर हाउस से जुड़े हुए गांव के किसानों को बार-बार बिजली कटौती से हो रही परेशानी पूरा बरस बीत रहा है लेकिन बिजली




में सुधार अभी तक नहीं हुई इस कड़कड़ाती ठंड में किसान बिजली के इंतजार में खेत में खड़ा ही रह जाता है बिजली समस्या से ग्रामवासी परेशान है। बिजली को लेकर सबसे ज्याद परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों में है। जहां बिजली कटौती व बार-बार खराबी आने से लोगों में आक्रोश है। बिजली समस्या का असर सिर्फ खेती किसानी पर पड़ता है। ग्रामीणों की शिकायत है कि बिजली बंद होने से कृषि पंप व बोर से पानी नही मिल रहा। इससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस सबके बाद भी अधिकारी मानने को तैयार नहीं कि बिजली की परेशानी है। मंगरौरा पावर हाउस से बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण क्षेत्रों का बुरा हाल है। इसके कारण कई बार लोगों को आंदोलन के लिए सड़क पर उतरना पड़ गया है। बिजली कार्यालयों के घेराव भी हो चुके है। क्षेत्र के लिए विडंबना यह है कि ऊर्जाधानी के नाम से मशहूर प्रदेश में बिजली कट, लो वोल्टेज की समस्या जैसे पहले थी, वैसे आज भी है। इसका खामियाजा आम व खास के साथ किसानों को भुगतना पड़ रहा है। वैसे तो जिले में मौसम अनुसार रबी के साथ खरीफ फसलें भी ली जाती है। क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख साधन नदी व नहर ना होने के कारण कृषि पंप व बोर से आवश्यकता अनुसार सिंचाई कार्य किया जाता है। लेकिन यहां के कई गांव में बिजली कटौती, लाइन फाल्ट आने व लो वोल्टेज की समस्या के कारण कृषि पंपो क नियमित रूप से संचालन नही हो पा रहा है। क्षेत्र के सभी विकासखंडो में सैकड़ों किसानों ने गेहूं व सब्जी की खेती के लिए कृषि पंप से सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन लिया है। खरीफ की फसल के लिए वे मानसून की बारिश के पानी पर निर्भर रहते है। लेकिन बारिश ठीक से नही होती तो कृषि पंप यूज करते हैं।

# राजामौली कीं ने रचा इतिहास, नाटू नाटू गाने ने जीता बेस्ट सॉन्ग का अवार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'आरआरआर' देश के साथ-साथ लैंग्वेज फिल्म और 'नाटू-नाटू' गाने को बेस्ट ओरिजिनल गाने की नॉमिनेशन लिस्ट में शामिल किया गया था। जिसमें बेस्ट हॉलीवुड लोगों का प्यार मिल रहा है। इंडिया के साथ-साथ विदेशी फैंस भी इस फिल्म की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। हाल ही में फिल्म की







विदेश में भी खूब नाम कमा रही है। इस फिल्म की जापान से लेकर लॉस एंजेलिस तक कई देशों में स्क्रीनिंग हुई। कुछ दिनों पहले ही गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड 2023 की घोषणा की गई थी, जिसमें एस एस राजामौली की फिल्म को दो अलग-अलग कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। अब हाल ही में इस फिल्म के गाने 'नाटू-नाटू' को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में बेस्ट ओरिजिनल गाने के लिए इंटरनेशनल लेवल पर सम्मानित किया गया है। एस एस राजामौली के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दिसंबर में गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स 2023 के लिए दो अलग-अलग कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर रामचरण और आलिया भट्ट स्टारर आरआरआर को बेस्ट नॉन इंग्लिश गानों के बीच साउथ की इस बिग बजट फिल्म ने बाजी मारी और बेस्ट ओरिजिनल गाने का खिताब जीता। नाटू-नाटू गाने के अलावा जिन गानों को ओरिजिनल गाने के लिए नॉमिनेशन मिला था उसमें टेलर स्विफ्ट की कैरोलिना व्हेयर द क्रॉडैड्स सिंग, गिलर्मो डेल टोरो के पिनोचियो से सियाओ पापा, टॉप गन से लेडी गागा की होल्ड माई हैंडः मेवरिक और ब्लैक पैंथर से लिफ्ट मी अपः वकंडा फॉरएवर शामिल थे। इस इंटरनेशनल अवॉर्ड में शामिल होने के लिए राम चरण, जूनियर एनटीआर और फिल्म के निर्देशक एस एस राजामौली भी मौजूद रहे। इस अवॉर्ड फंक्शन में सम्मान मिलने के साथ-साथ पूरी दुनियाभर में राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म को लॉस एंजेलिस में एक स्क्रीनिंग रखी गई थी, जहां जैसे ही थिएटर में आरआरआर का नाटू-नाटू गाना आया, तुरंत कुछ विदेशी फैंस सबकुछ भुलाकर जूनियर एनटीआर और रामचरण के रंग के रंगे नजर आए और उन्होंने चल रही स्क्रीनिंग के बीच में ही थिएटर में डांस करना शुरू कर दिया। इस वीडियो को मेकर्स ने अपने ट्विटर अकाउंट पर फैंस के साथ शेयर किया। इससे पहले जब फिल्म की स्क्रीनिंग जापान में हुई थी, तो रामचरण के फैंस ने उन पर खूब प्यार लुटाया था। 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023 का अमेरिका में लॉस एंजेलिस में किया गया। इस अवॉर्ड नाइट्स में कई बेहतरीन फिल्मों के बीच मुकाबला देखने को मिला। इस शाम की मेजबानी की कमान कॉमेडियन जेरोड कारमाइकल ने संभाली।

# पश्मीना रोशन ने दी ऋतिक रोशन को बर्थडे की शुभकामनाएं लिखा खास पोस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के हैंडसम हंक ऋतिक रोशन मंगलवार को अपना 49वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास मौके पर अभिनेता को लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। अब अभिनेता की भतीजी पश्मीना रोशन ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा कर अपने भाई को बर्थडे की शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान नन्हीं पश्मीना कुर्सी पर बैठे हुए अफवाह थीं कि एक्ट्रेस बॉलीवुड के नए सुपरस्टार कार्तिक आर्यन को डेट कर रही हैं। हालांकि अभी इस बारे में कार्तिक और पश्मीना ने बात नहीं की है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि ये सिर्फ कोरी अफवाहें हैं। जानकारी के अनुसार, बीते साल खबरें आईं थीं कि बॉलीवुड के जाने-माने म्यूजिक डायरेक्टर राकेश रोशन की बेटी पश्मीना रोशन बहुत जल्द बड़ी स्क्रीन पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। पश्मीना, साल 2003 में



कुछ खाती हुई नजर आ रही हैं। अपनी इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर कर उन्होंने ऋतिक रोशन को बर्थडे की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे डुग्गू भाइया, मैं आपके प्यार और देखभाल बहुत आभार जताती हूं। मुझे आशा है कि आप जानते हैं कि आप मेरे लिए कितने खास हैं और मैं आपसे कितना प्यार करती हूं। बीते दिनों पश्मीना रोशन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में थी। सोशल मीडिया पर रिलीज हुई शाहिद कपूर की फिल्म इश्क विश्क के सीक्वल से अपना बॉलीवुड करियर शुरू करेंगी। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वह बीते दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म फाइटर के असम शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर लौटे हैं, जहां उन्होंने अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म के अहम हिस्से को शूट किया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सोनाक्षी सिन्हा से शक्ल मिलने पर पहली बार तोड़ी चुप्पी, कही ये बात


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री में शुरुआत से ही एक से बढ़कर एक खूबसूरत अभिनेत्री ने अपना जलवा पर्दे पर बिखेरा है। इस दौर में अब तक कई आई और कई गई भी। इन्ही में से एक थी 70 के दशक की एक्ट्रेस रीना रॉय (ींर्हीं दब्)। एक्ट्रेस पिछले कुछ वर्षों में लाइमलाइट से दूर हैं लेकिन आज भी लोग उन्हें उनकी खूबसूरती और फिल्मों के लिए याद करते हैं। रीना रॉय फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती थी। एक दौर था जब शत्रुघन सिन्हा के साथ उनके अफेयर की खूब चर्चाएं होती थीं। दोनों एक-दूसरे को काफी पसंद करते थे। इतना ही नहीं कहा जाता है कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन उनकी शादी नहीं हो पाई। ऐसे धीरे-धीरे लोगों को शत्रुघन और रीना की लव स्टोरी को भूलने लगे थे कि तभी साल 2010 में सोनाक्षी सिन्हा की एंट्री हुई। सोनाक्षी को देख सभी को एक बार रीना रॉय की याद आई। सोनाक्षी सिन्हा के नैन-नक्श रीना रॉय से इतने मिलते हैं कि लोगों को लगने लगा कि सोनाक्षी सिन्हा का चेहरा पूरा-पूरा रीना रॉय से मिलता है। सोशल मीडिया दोनों को लेकर कई तरह की बातें होती हैं। वहीं अब एक्ट्रेस ने सोनाक्षी सिन्हा से शक्ल मिलने पर पहली बार बात की है। एक्ट्रेस ने फर्स्ट पोस्ट को दिए इंटरव्यू में कहा, 'यह एक इत्तेफाक है.. कभी-कभी ऐसा हो जाता है। उदाहरण के लिए, जीतेंद्र की मां और उनकी मां जुड़वां बहनें लगती थी।





# अपनी आवाज में गाया गुरु रंधावा का सुपरहिट गाना मून राइज, फैंस ने की जमकर तारीफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शहनाज गिल अपनी एक्टिंग के साथ-साथ इन दिनों सिंगिंग का हुनर भी दिखा रही हैं। पिछले काफी समय अदाकारा इंस्टाग्राम पर अपनी सिंगिंग वीडियो शेयर करती रहती हैं। बीते दिनों उन्होंने अपनी दर्द भरी आवाज में 'लोग हमसे जलते हैं' और मोहब्बत से लबरेज गाना गाया गाना गया था। वहीं अब उन्होंने गुरु रंधावा का सुपरहिट गाना 'मून राइज' अपनी आवाज में गाया है । शहनाज गिल ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी छोटी-सी एक झलक शेयर की है। इस दौरान एक्ट्रेस सोफे पर बैठी नजर आ रही हैं और उनके साथ एक शख्स भी नजर आ रहा है, जिसके हाथ में गिटार है। दोनों



आपसी सहमति के साथ इस गाने को गाते है और गिटार बजाते हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा- क्ष्स्ददहेगे गिटार पर मेरा साथ देने के लिए शुक्रिया देख गुरु मैं भी होगी शुरू। आपको बता दें हाल ही में इस गाने का म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ है, जिसमे दोनों का ऑनस्क्रीन रोमांस देखा जा रहा है। इस गाने में शहनाज गिल और गुरु रंधावा की जोड़ी को खूब पसंद किया जा रहा है। दोनों का साथ देख फैंस काफी खुश हैं। वीडियो से पहले ऑडियो रिलीज किया गया था। आपको बता दें कि इस गाने के बिहाइंड द सीन्स खूब वायरल हुए थे, जिसमें शहनाज गिल और गुरु रंधावा समुद्र के किनारे शूट करते दिख थे।

# आठ दिन बाद अस्पताल से घर लौटी एक्ट्रेस महक चहल इस बीमारी से थीं पीड़ित


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस महक चहल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, एक्ट्रेस इन दिनों अस्पताल में भर्ती थी। बताया जा रहा है कि महक पिछले आठ दिनों से मुंबई के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया था और उन्हें वेंटिलेटर परिवार के साथ फिर से तरोताजा होने के लिए कुछ समय चाहिए और फिर आप सभी का मनोरंजन करने के लिए वापस आऊंगी।इस बारे में एक्ट्रेस ने मीडिया से बातचीत की और अपनी हेल्थ के बारे में बताया। उन्होंने बताया है कि अब उनकी तबीयत पहले से काफी सुधार रही है। एक्ट्रेस ने




पर रखा गया था। वहीं अब खुद एक्ट्रेस ने एक पोस्ट भी शेयर किया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया पोस्ट महक ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर जानकारी दी है कि अब वह घर आ गई है। उन्होंने लिखा मैं हाल ही में निमोनिया से उबरा हूं, काफी बेहतर महसूस कर रही हूं और घर पर आराम कर रही हूं। लेकिन मुझे अपने सभी शुभचिंतकों को आपके प्यार और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद कहना है। आपके विचारों और प्रार्थनाओं ने मुझे इस समय से निकाल दिया है। मुझे बस अपनी तरफ से बताया है कि उन्हें निमोनिया हो गया था और पिछले 3-4 दिनों से आईसीयू में ऑक्सीजन वेंटिलेटर पर भर्ती थी। उन्होंने अपनी बातचीत में बताया कि- 2 जनवरी के दिन वह अस्पताल में भर्ती हुई थी। मेरे दोनों फेफड़े बुरी तरह से इफेक्ट हुए। उन्होंने कहा कि वह कभी भी ऐसा बीमार नहीं हुई। वह बेहोश हो गई थीं। सांस नहीं ले पा रही थीं। आगे 'एक्ट्रेस ने ये भी कहा 'वह आराम करना चाहती थी इसलिए उन्होंने किसी को इस बात की जानकारी नहीं दी'। हालांकि पहले मैंने सोचा था कि ये नॉर्मल सर्दी है, लेकिन फिर पता चला कि ये निमोनिया है।

# पैपराजी को देख तापसी पन्नू ने कही ऐसी बात यूजर बोले- कभी अच्छी बाते भी कर लिया करो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस तापसी पन्नू अपनी फिल्मों से ज्यादा विवादों में रहती हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमे उनकी पैपराजी से नोकझोंक देखने को मिली थी। वहीं अब एक्ट्रेस का नया वीडियो सामने आया है, जिसमे कभी अच्छी बात ही नहीं करती है। तीसरे ने लिखा- छोटी जया बच्चन। इस पर एक कैमरापर्सन जवाब भी देते हैं- नहीं मैडम, हम वैसे नहीं हैं। इस दौरान तापसी कैजुअल लुक में स्पॉट हुईं। उनके हाथों में बैग दिखे। आपको बता दें कि कुछ समय से फिल्मी पर्दे पर





तापसी का पैपराजी संग गर्म मिजाज देखने को मिला। इस वीडियो में एक्ट्रेस फोटोग्राफर्स को कहती है संभलकर आपको लग जाएगी, फिर आप कहेंगे कि मेरी वजह से चोट लग गई। तापसी का ये अंदाज देख सोशल मीडिया पर लोग भड़क गए हैं। एक यूजर्स ने लिखा 'जूनियर जया बच्चन'। दूसरे ने लिखा- ये क्या घर से मार खा कर आती है तापसी को वो सफलता नहीं मिल पाई जिसकी उन्हें उम्मीद करती है। आखिरी बार वह फिल्मफेयर में वेब ओरिजिनल फिल्म (महिला) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। तापसी पन्नू को यह पुरस्कार फिल्म लूप लपेटा के लिए मिला था। एक्ट्रेस की आने वाली मूवी की बात करें तो जल्द ही शाहरुख खान के साथ फिल्म 'डंकी' में नजर आएंगी।

# द कश्मीर फाइल्स के ऑस्कर रेस में शामिल होने पर बोले मिथुन चक्रवर्ती, 'आलोचकों को करारा जवाब'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मंगलवार को 95वें ऑस्कर अवार्ड्स के लिए नॉमिनेट होने वाली फिल्मों की कंटेंशन लिस्ट सामने आ चुकी है, जिसमें इस बार द कश्मीर फाइल्स, आरआरआर, छेलो शो जैसी 7 भारतीय फिल्में और दो डॉक्यूमेंट्री में अपनी जगह बनाई है। द कश्मीर फाइल्स के ऑस्कर अवार्ड की लिस्ट शॉर्टलिस्ट होने के बाद अब अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने गोवा में आयोजित हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया, 2023 में इजरायली ज्यूरी मेंबर के द्वारा फिल्म को वल्गर और प्रोपेगेंडा फिल्म बताए जाने पर चुप्पी तोड़ी है। टाइम्स नाउ की खबर के अनुसार मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा है कि द कश्मीर फाइल्स शॉर्टलिस्ट हो गई है। यह सभी आलोचनाओं का करार जवाब है। यह फिल्म को वल्गर और प्रोपेगेंडा कहने वाली ज्यूरी को भी आज करारा जवाब मिल गया है। लोगों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार अनुभवी अभिनेता ने आगे कहा, मैं कोई विवादित बयान नहीं दूंगा। दुख होता है जब कोई फिल्म को एक निश्चित



थिएटर में अनुमति नहीं दी जाती, लेकिन उस फिल्म को ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। भारतीय फिल्मों ने एक लंबा सफर तय किया है और साथ ही मैं द कश्मीर फाइल्स के अलावा शॉर्टलिस्ट हुई अन्य फिल्मों को भी शुभकामनाएं देता हूं। मिथुन चक्रवर्ती के अलावा फिल्म में अहम किरदार निभाने वाले अभिनेता अनुपम खेर ने भी अपनी फिल्म के कंटेंशन लिस्ट में शामिल होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने समाचार एजेंसी से बात करते हुए कहा है कि यह उन लोगों को करारा जवाब है जो फिल्म की लगातार आलोचना कर रहे थे। इन फिल्मों ने भी बनाई जगह आपको बता दें कि मंगलवार को अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने उन फीचर फिल्मों की लिस्ट जारी की है, जो 95वें ऑस्कर की कंटेंशन लिस्ट में चुनी गई हैं। इस लिस्ट में इस बार 9 भारतीय फिल्म ने अपनी जगह बनाई है, जिसमें आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी, द कश्मीर फाइल्स, कांतारा, छेलो शो, इराविन निझल, विक्रांत रोणा, रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट जैसी फिल्में शामिल हैं।विवेक रंजन अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स 80 के दशक के अंत और 90 के शुरुआती सालों में कश्मीर के अंदर हुए कश्मीरी पंडितों के नरसंहार और एक समुदाय द्वारा किए गए अत्याचारों को बयां करती हैं। फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी और दर्शन कुमार जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभाई है। ये फिल्म 11 मार्च, 2022 को सिनेमाघरों पर रिलीज हुई थी। जिसने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत के बाद रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर नया कीर्तिमान रच दिया था।

# बनीं ने भाबी जी घर पर हैं की अंगूर भाभी, वीडियो देख शुभांगी अत्रे ने किया मजेदार कमेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** द डर्टी पिक्चर, भूल भुलैया और मिशन मंगल जैसी



फिल्मों में अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री विद्या बालन सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपने फोटो वीडियो शेयर कर फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। अब मंगलवार को उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह भाबी जी घर पर हैं की अंगूरी भाभी का एक डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। अपनी इस वीडियो को विद्या बालन ने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेता टीवी पर प्रसारित होने वाले शो भाबी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री शुभांगी अत्रे का डायलॉग बोल रही है। वीडियो में डायलॉग डिलीवरी करते वक्त उनके फेस एक्सप्रेशन बेहद क्यूट दिख रहे हैं। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन लिखा, अंग्रेजी एक सेंसुअस भाषा है। विद्या बालन की इस वीडियो को उनके चाहने वाले सोशल मीडिया पर खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं, वीडियो पर खुद शुभांगी अत्रे ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है और लिखा, सही पकड़े हैं। आपको बता दें कि विद्या बालन ने साल 1995 में जी टीवी पर प्रसारित होने वाले शो हम पांच में अभिनय किया था। इस शो में उन्होंने राधिका माथुर की भूमिका निभाई है। जानकारी के अनुसार, विद्या ने इस शो से पहले बंगाली फिल्म भालो थेको में भी काम किया था। उन्होंने साल 2005 में सैफ अली खान की फिल्म परिणीता से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। इस फिल्म में उन्हें अपने किरदार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन उन्होंने पहचान साल 2006 में रिलीज हुई राजकुमार हिरानी की फिल्म लगे रहो मुन्नाभाई से मिली थी, जिसमें उन्होंने एक रेडियो आरजे की भूमिका निभाई है। फिल्म लगे रहो मुन्नाभाई में विद्या बालन के साथ अभिनेता संजय दत्त, अमिताभ बच्चन ने भी अहम किरदार निभाया है। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक के बाद एक हिट फिल्में दी।

# खेसारी लाल यादव-नेहा राज का नया गाना 'झगड़ा 2.0' रिलीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुपरस्टार खेसारी लाल यादव आज भोजपुरी सिनेमा के हाई पेड स्टार्स की लिस्ट में गिने जाते हैं। खेसारी न सिर्फ अपनी ?एक्टिंग बल्कि अपनी सिंगिंग के लिए भी जाने जाते हैं। अपने करियर में खेसारी ने कई हिट फिल्में और गाने दिए हैं। इसी बीच खेसारीलाल यादव और नेहा राज अपना धमाकेदार गाना लेकर आए हैं। खेसारी लाल और सारेगामा हम भोजपुरी के कोलेबरेशन में नए साल में धमाकेदार गाना 'झगड़ा 2. रिलीज हो गया है। इस गाने ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर बवाल मचा दिया है। खेसारी लाल यादव का नया गाना 'झगड़ा 2. सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने



को कुछ घंटों में लाखों बार से ज्यादा देखा जा चुका है। वहीं इस गाने को फैंस की जमकर अपनी प्रतिक्रिया मिल रही है। यूट्यूब पर कमेंट कर फैंस खेसारी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। आपको बता दें कि खेसारी लाल यादव प्रोफेशनल लाइफ के साथ सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहते हैं। आए दिन वो अपनी लेटेस्ट तस्वीरों के साथ अपने आने वाले प्रोजेक्ट के बारे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फैंस को जानकारी देते हैं। वहीं फैमिली के साथ बिताए गए पलों को भी खेसारी फैंस के साथ शेयर करते हैं। वहीं फैंस भी उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने के लिए उत्सुक रहते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।